दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 91 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 20 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# कांग्रेस ने 70 साल में महिलाओं का कभी नहीं किया सम्मान, महिला सशक्तिकरण कांग्रेस का नारा, उनकी नियत में नहीं है : सीएम शर्मा

## भारत के लोकतंत्र में 17 अप्रैल को एक नया अध्याय जोड़ता लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दलों ने इस काला पृष्ठ बना दिया, पीएम मोदी ने महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कई बड़ी योजनाएं शुरू की गई, महिलाओं का विचार और सम्मान हमारी संस्कृति में, अपने अपमान का बदला लेगी भारत की महिलाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महिला शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि देश में 70 साल के शासनकाल में कांग्रेस पार्टी ने कभी भी महिलाओं का सम्मान नहीं किया कभी भी महिलाओं को उनका अधिकार नहीं दिया कांग्रेस ने सिर्फ वोट बैंक के रूप में महिलाओं को इस्तेमाल किया उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए महिला सशक्तिकरण सिर्फ नारा है उनकी नियत में नहीं है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि 17 अप्रैल को भारत के लोकतंत्र में एक नया अध्याय जुड़ रहा था लेकिन कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने महिला आरक्षण बिल का विरोध करके इसको काला पृष्ठ बना दिया इस अपमान को महिलाएं कभी नहीं भूलेगी और इसका बदला लेकर रहेगी



### महिलाओं का आदर और सम्मान अनादिकाल से हमारी संस्कृति और विचार में है

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत में अनादिकाल से महिलाओं का आदर और सम्मान हमारी संस्कृति, सभ्यता और विचार में है उन्होंने कहा कि भगवानों के नाम में राम से पहले सीता यानी सीताराम, शाम से पहले राधे यानी राधे श्याम, नारायण से पहले लक्ष्मी यानी लक्ष्मी नारायण यह दिखाता है कि अनादिकाल से पुरुषों की तुलना में महिलाओं को आगे रखा जाता है इसीलिए हमारी संस्कृति और विचार में शुरू से ही महिलाओं का सम्मान और आदर रहा है यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के सम्मान और उन्हें उनका हक दिलाने के लिए यह तीन महत्वपूर्ण बिल लेकर आए थे लेकिन कांग्रेस पार्टी जो शुरू से ही महिलाओं की भलाई और विकास के लिए शून्य रही उसने अपने साथी दलों को साथ लेकर इस महत्वपूर्ण बिल की खिलाफत की जिसे देश की महिलाएं कभी भी माफ नहीं करेगी उन्होंने कहा कि इस बिल को ठुकराकर कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से अपना नकारात्मक और महिला विरोधी रवैया दिखाया है क्योंकि इससे पहले शाहबानो प्रकरण और तीन तलाक बिलों को लेकर भी कांग्रेस पार्टी ने ऐसा ही बर्ताव किया था और अब 17 अप्रैल को उन्होंने देश की आधी आबादी के साथ जो अन्याय किया है उसकी कीमत उन्हें आने वाले दिनों में चुकानी पड़ेगी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है जब देश हित के मामलों महिलाओं के विकास और कल्याण से जुड़े मामलों में कांग्रेस और विपक्षी दलों ने टांग लड़ाई हो या फिर सवाल खड़ी किए हो ऐसे अनेक राष्ट्र कल्याण और देश हित से जुड़े मामले हैं जिन पर कांग्रेस पार्टी पहले भी सवाल खड़े कर चुकी हैं उन्होंने कहा कि चाहे ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल खड़े करने का मामला हो या फिर तीन तलाक दिल का विरोध करना हो या फिर सब बानो प्रकरण हो या फिर सीएए जैसा देश हित से जुड़ा मामला हो इन सब मामलों में कांग्रेस और विपक्ष दलों ने जो नकारात्मक रवैया दिखाया था उसको पूरे देश और दुनिया ने देखा था इसलिए राष्ट्रहित और देश हित कांग्रेस के विचार और संस्कृति में है ही नहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष के पास देश की महिलाओं का विश्वास हासिल करने का एक बहुत अच्छा मौका आया था इस मौके को कांग्रेस और विपक्षी दलों ने गवा दिया।

### पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और विपक्ष के सवालों और शंकाओं को दूर करने का हर संभव प्रयास किया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस और विपक्षी दलों के सदस्यों के इस महत्वपूर्ण बिल पर खड़े किए गए प्रत्येक सवाल और एक-एक संदेह को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने प्रभावी तरीके से जवाब देकर उन्हें संतुष्ट करने का और भरोसे में लेने का हर संभव प्रयास किया लेकिन इसके बावजूद भी कांग्रेस और पूरा विपक्ष अपनी ओर से अनर्गल संकाएं और अनर्गल सवाल खड़े करता रहा उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो लोकसभा में यह तक कह दिया था कि आप सब सर्वसम्मति से इस बिल को परित करवाइए आप सब का फोटो और हमारा फोटो वाले विज्ञापन जारी करेंगे इसमें कोई राजनीति नहीं होगी और ना ही कोई राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है हमारा प्रयास सिर्फ महिलाओं को उनका अधिकार देना है लेकिन इसके बावजूद भी राहुल गांधी और विपक्षी दल प्रधानमंत्री के इस आश्वासन के बावजूद भी नहीं माने जो निंदनीय है इस दृश्य को देश की महिलाओं ने देखा और सुना है इसलिए देश की महिलाएं कांग्रेस और विपक्ष को कभी माफ नहीं करेगी ।

### महिला सशक्तिकरण और महिला आरक्षण विकसित भारत के संकल्प का आधार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में चार जातियां बताते हैं महिला युवा मजदूर किसान जिसमें उन्होंने महिलाओं की भलाई और विकास को सबसे पहले प्राथमिकता दी है मोदी का कहना है कि जब तक देश की आधी आबादी को उनका हक और उनका अधिकार नहीं देंगे और जब तक महिला सशक्तिकरण के लिए प्रभावी प्रयास और प्रभावी कदम नहीं उठाएंगे तब तक विकसित भारत की परिकल्पना नहीं की जा सकती महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिला आरक्षण बिल एक बड़ा कदम था जो भारत के संकल्प का आधार था लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दलों की नकारात्मक रवैया से 17 अप्रैल को लोकसभा में जो दृश्य देखने को मिला वह शर्मनाक था जिसे पूरे देश की महिलाओं ने देखा है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नाम संबोधन में भी साफ कहा है कि महिलाओं के सम्मान और अधिकार के लिए हमारी लड़ाई जारी है और आगे भी जारी रहेगी और हम महिलाओं को उनका अधिकार हर कीमत पर दिलवा कर रहेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कहा है कि हम महिलाओं को उनका हक दे रहे हैं उन पर एहसान नहीं कर रहे क्योंकि देश की आबादी 54 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ तक पहुंच गई है इसलिए नए परिसीमन के मुताबिक महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में और अधिक स्थान मिलना चाहिए ।

### पीएम मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए अनेक योजनाएं शुरू हुई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में महिलाओं की भलाई और कल्याण के लिए अनेक हितकारी निर्णय और योजनाएं सरकार की ओर से शुरू की गई जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत वर्ष 2014 से पहले जहां देश में पुरुषों और महिलाओं के लिंगानुपात में काफी अंतर था वह अंतर अब काफी कम हो गया है और देश में महिलाओं की संख्या ज्यादा हुई है उन्होंने कहा कि इसी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की पीड़ा और तकलीफ को देखते हुए हर घर शौचालय, हर घर नल जैसी योजनाएं शुरू की उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और निर्देशन में केंद्र सरकार के सहयोग से राजस्थान में भी महिलाओं की कल्याण और विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है लखपति दीदी, लाडो प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री मात्र पोषण योजना, एकल नारी नई पेंशन योजना जैसी अनेक योजनाएं महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए संचालित की जा रही है जिसके माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबन भी बन रही है और महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है ।

## पीएम मोदी ने हर योजना में महिलाओं को आगे रखा, कांग्रेस और विपक्ष ने महिलाओं का अपमान किया : केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने रविवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति एवं परम्परा नारी शक्ति के सम्मान की रही है और मातृ शक्ति को पूजनीय माना गया है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर योजनाओं में महिलाओं को केंद्र बिन्दू रखते हुए लागू किया। 2014 के बाद स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, 90 लाख बचत समूह से 10 करोड़ महिलाएं जुड़ी 70 प्रतिशत से अधिक मातृ शक्ति स्वयं का रोजगार कर रही है। देश की माताओं–बहनों का मोदी जी के प्रति अट्ट विश्वास है। 16 और 17 अप्रैल को सबको इंतजार था,लेकिन विपक्ष ने इसमें रोड़े अटका दिए। सदन में प्रतिपक्ष के नेता का रवैया शर्म से सिर झूका देने वाला था। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जिन्होंने इस बिल का श्रेय सभी सांसदों को देने का वायदा दिया, वहीं दूसरी ओर विपक्ष है जो इस बिल को गिराने के बाद जश्न मना रहा था। यह स्पष्ट है कि आधी आबादी को निराश करने के बाद विपक्ष देश में राजनीति नहीं कर सकता। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि 54 करोड़ की आबादी के बाद आज देश में 140 करोड़ की आबादी हो गई। इसलिए परिसीमन जरूरी है। परिसीमन के बाद किसी भी राज्य की सीटों को नुकसान नहीं होगा इसका भी विश्वास मोदी जी ने सभी राजनीतिक दलों को दिलाया लेकिन इन्होंने भ्रम फैलाया और देश की संसद और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण वाले इस विधेयक का समर्थन नहीं किया। केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वे खुद एक ऐसे ग्रामीण इलाके से आती हैं जहां उनकी बस्ती में पहले सिर्फ 40 कच्चे मकान हुआ करते थे लेकिन आज उस बस्ती में एक भी कच्चा मकान नहीं है सभी पक्के मकान हैं उन्होंने कहा कि उनका खुद का कोई पॉलीटिकल बैकग्राउंड नहीं था लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें पूरे अवसर दिए इसी का परिणाम है कि एक छोटे से गांव की एक साधारण सी महिला आज केंद्र सरकार में मंत्री पद पर है उन्होंने कहा कि भाजपा की संस्कृति और विचार में महिलाओं का सम्मान और आदर शुरू से ही है और वर्ष 2014 के बाद अब तक देश की महिलाओं की जीवन शैली में जो क्रांतिकारी ऐतिहासिक बदलाव आए हैं यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिलाओं के प्रति सोच और प्रयासों का ही परिणाम है पत्रकारों से बातचीत के दौरान ठाकुर ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जादूगर शब्द का संबोधन करना उनकी कमजोर मानसिकता को प्रकट करता है ठाकुर ने कहा कि एक प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को लोकसभा में विपक्ष की नेता की ओर से जादूगर कहना क्या शोभा देता है? उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल लोकसभा में एक स्वर्णिम दिन बनने जा रहा था पूरे देश भर में महिलाओं में खुशी का माहौल बना हुआ था पूरे देश भर में विभिन्न महिला संगठनों और अच्छी-अच्छी नौकरियों में और अच्छे-अच्छे क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं के चेहरों पर भी खुशी छाई हुई थी लेकिन यह खुशी कांग्रेस और विपक्ष की आंखों में खटक रही थी इसलिए उन्होंने जानबूझकर इस बिल को मंजूर नहीं होने दिया जिसकी सजा उन्हें भुगतान पड़ेगी क्योंकि भारत की महिलाएं स्वाभिमानी है और अपना अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करती हैं ।



## पीएम मोदी की कल पचपदरा में विशाल रैली, रिफाइनरी का करेंगे शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पचपदरा में रिफाइनरी का शुभारंभ करने के लिए आ रहे हैं मोदी के दौरे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं रिफाइनरी परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं बड़ी संख्या में यहां पुलिस बल तैनात किया गया है कई आईपीएस अधिकारियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है इस अवसर पर आयोजित होने वाली सभा में बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है इसलिए भारी भीड़ को देखते हुए मौके पर एक विशाल पंडाल तैयार किया गया है सभा स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है एक बड़ा मंच स्थापित किया गया है सभा स्थल के आसपास भी सुरक्षा घेरा काफी मजबूत किया गया है सभा स्थल पर सभा में आने वाले लोगों के लिए पीने का पानी, चिकित्सा, शौचालय, वाहनों की पार्किंग इत्यादि सभी तरह की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है जानकारी के अनुसार पीएम मोदी के साथ केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री और कई अन्य केंद्रीय मंत्री भी आने वाले हैं सभा की तैयारी के लिए सत्ता और संगठन से जुड़े बड़े लोग लगातार मौके पर जाकर सभी तरह की व्यवस्थाओं को देख रहे हैं एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े बड़े लीडर वहां लगातार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ मीटिंग आयोजित करके उन्हें मोदी की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए निर्देशित कर रहे हैं तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन और पुलिस से जुड़े सभी बड़े अधिकारी मौके पर डटे हुए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस दौरे को लेकर काफी उत्साहित और खुश नजर आ रहे हैं एक तरफ रिफाइनरी के शुरू होने से जहां राजस्थान में विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत होगी और यह रिफायनरी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यकाल में ही देश को समर्पित हो रही है तो यह एक और उपलब्धि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अकाउंट में कल दर्ज होने वाली है यह रिफाइनरी निश्चित रूप से प्रदेश में रोजगार के अवसर तो पैदा करेगी ही इसके अलावा पश्चिमी राजस्थान के जिलों में विकास के अध्याय की एक नई शुरुआत होगी क्योंकि रिफाइनरी के शुरू होने से इलाके में पानी बिजली सड़क चिकित्सा शिक्षा इत्यादि सभी सुविधाओं का जल लगातार बढ़ता जा रहा है जिसका सीधा फायदा क्षेत्र के लोगों को मिलेगा






अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
20 अप्रेल, 2026

## खंडेलवाल वेश्य धाम जागरण रथ यात्रा का खंडेलवाल सेवा समिति अलवर ने किया भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** खंडेलवाल सेवा समिति अलवर के तत्त्ववधान मे खंडेला धाम से प्रारंभ हुई खंडेलवाल वेश्य धाम जागरण रथ यात्रा का अलवर पहुँचने पर भव्य एवं हर्षोलास के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसमें खंडेलवाल समाज की अनेक संस्था एवं समाज के सदस्यों ने भागीदारी निभाई। आगंतुक अतिथियों का समाज के लोगों की और से गर्म जोशी के साथ जगह जगह पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे खण्डेला धाम के संस्थापक एवं आजीवन मैनेजिंग ट्रस्टी - पुरुषोत्तम गुप्ता, अध्यक्ष - आर सी गुप्ता (झालाणी) एवं महामंत्री - रमेशचन्द्र खण्डेलवाल, गोविन्द खारवाल, गिर्राज केदावत, अनिल लोहिया, सुभाष घिया, रजनी कांत गुप्ता, रंजना गुप्ता, राजरानी गुप्ता, रानी खंडेलवाल, अदिति गुप्ता, अनिल तमोलिया, सुभाष ताम्बी, संजय खंडेलवाल, प्रेम खंडेलवाल सहित समाज के अनेक सम्मानित सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम की जानकारी खंडेलवाल सेवा समिति के अलवर के अध्यक्ष किशन गुप्ता ने दी। इस यात्रा को लेकर अखिल भारत वर्षीय खंडेलवाल वेश्य महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी प्रोफेसर रमेश कुमार रावत ने खुशी व्यक्त करते हुए एक सराहनीय कदम बताया।

## मेघा सैनी बनीं विश्व हिंदू महासंघ की जिला कोषाध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विश्व हिंदू महासंघ, जिला अलवर में संगठनात्मक मजबूती के तहत मेघा सैनी को जिला कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जिला महामंत्री रूबी वर्मा द्वारा जिला संरक्षक मंत्री लक्ष्मेश कुमार की सहमति से की गई। मेघा सैनी की सामाजिक सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा एवं हिंदू समाज के हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के अवसर पर उन्हें संगठन की नीतियों, उद्देश्यों एवं अनुशासन का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिला सशक्तिकरण, संस्कृति संरक्षण, समाज सेवा एवं संगठन विस्तार के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इसके अतिरिक्त, मेघा सैनी को जिला, मंडल एवं यूथ स्तर पर महिला इकाइयों का गठन कर अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

## राजकीय महिला चिकित्सालय में मनाया भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महिला चिकित्सालय में रविवार को भगवान श्री परशुराम जी का जन्म उत्सव मनाया गया। जिसमें प्रमुख अधिकारी डा. प्रवीण शर्मा, जनाना चिकित्सालय पभारी डा. टेक चन्द, डा. कल्पना माथुर, डा. लीना गोयल, डा. सोनिका, चन्द्रा, डा सुनिता मीणा, डा. प्रतिभा शर्मा व अन्य चिकित्सक एवम् नर्सिंग इन्चीजवस्टोफ ब. स्टोफ उपस्थित रहे' उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी व जनाना चिकित्सालय प्रभारी ने भगवान श्री परशुराम जी के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर सभी के लिए खुशहाली की प्रार्थना की।सभी चिकित्सक एवं स्टाफ ने माला अर्पण कर पुजा अर्चना की। इस अवसर पर सभी को प्रसाद वितरण किया एवं मरीजों तथा उनके परिजनों को बिस्किट वितरण कर उत्सव की खुशी मनाई। कार्यक्रम का संचालन सुशीला शर्मा (S.MO) के द्वारा किया गया।

## जिला कलेक्टर के निर्देशों पर दो दिन में दूर हुई पेयजल समस्या, नरवास क्षेत्र में जलापूर्ति हुई सुचारु

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नरवास क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान मात्र दो दिन में कर दिया। 16 अप्रैल को ग्राम पंचायत बीलाहेड़ी में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान नरवास क्षेत्र के निवासियों ने जिला कलेक्टर खैरथल-तिजारा अतुल प्रकाश के समक्ष पेयजल आपूर्ति में व्यवधान की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर जिला कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए। जिस पर विभाग ने प्रकरण को सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उपखण्ड कोटकासिम को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा। अधिशासी अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग धर्मेंद्र यादव ने बताया कि नरवास जल योजना के अंतर्गत 18 अप्रैल को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान मौके पर नवीन 15 एच.पी. पंपसेट सहित आवश्यक सामग्री स्थापित कर जलापूर्ति व्यवस्था को पुनः सुचारु किया गया। उन्होंने बताया कि तेजी से की गई इस कार्रवाई के चलते केवल दो दिनों में ही समस्या का समाधान सुनिश्चित किया गया। वर्तमान में नरवास क्षेत्र में नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति बहाल हो चुकी है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने बताया कि आमजन को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है।




### वन राज्यमंत्री शर्मा ने सामूहिक विवाह सम्मेलनों में की शिरकत

# नव विवाहित जोडो को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य व मंगलमय जीवन की कि कामना

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को श्री राम जानकी विवाह समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत कर नव विवाहित जोडो को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य व मंगलमय जीवन की कामना की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति का सहारा बन रहे हैं, ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार का दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश की हर बेटी, हर महिला न केवल आत्मनिर्भर बने, बल्कि समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। इसके लिए सरकार ने उनके कल्याण और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है, जिनका सीधा लाभ लाखों बालिकाओं और महिलाओं तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत बेटी के विवाह के लिए सहायता दी जा रही है। इस दौरान सेवा भारती समिति के अध्यक्ष अतुल सिंह, हरमीत सिंह मेंदीरत्ता, अशोक कुमार आहूजा, सतीश यादव, राजन मल्होत्रा, विजय मुनि महाराज, गंगा दास वेदांती, ममता त्यागी, डॉ. घनश्याम सैनी, राजेंद्र गुप्ता, रुचि रानी एवं हरि नारायण मुखीजा शैलेंद्र सिंह, गिरधारी लाल शर्मा, सुमन बंसल एवं अनिल शुक्ला सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।




## कश्यप समाप के विवाह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में की शिरकत

इससे पहले मंत्री शर्मा ने जयसमंद बांध पर कश्यप समाज उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह में शिरकत कर नव विवाहित जोडो को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य व मंगलमय जीवन की कामना की तथा कश्यप समाज के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन की सराहना कर कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सार्थकता प्रदान करने का काम करते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से गरीब पिता आर्थिक बोझ से बचकर अपनी बेटी का विवाह करा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कश्यप समाज के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां हमारे समाज को नई दिशा प्रदान करती है, इसलिए बेटियों को शिक्षित कर आगे बढाने एवं उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करें। इस दौरान रामोतार कश्यप, इन्द्र कश्यप सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर जिला कलक्टर का ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान आमजन को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो, इसके लिए जिला कलक्टर अतुल प्रकाश ने रविवार को जल जीवन मिशन के तहत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की जलापूर्ति व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने नौरंगाबाद तिजारा, घासोली, कोलगांव तथा गंज किशनगढ़ बास में संचालित जल जीवन मिशन योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने पेयजल आपूर्ति सूचारू सप्लाई हेतू पाइपलाइन के अंतिम छोर (टेल एंड) तक पानी पहुंच रहा है या नहीं, इसका विशेष रूप से परीक्षण किया। साथ ही पानी के प्रेशर की भी जांच कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने तिजारा एवं किशनगढ़ बास क्षेत्र में घर-घर दिए गए जल कनेक्शनों की स्थिति की समीक्षा की और स्थानीय निवासियों से संवाद कर जलापूर्ति के समय, दबाव एवं नियमितता के बारे में जानकारी ली। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को शत-प्रतिशत स्वच्छ जल सुचारू रूप से उपलब्ध किया जाए तथा कहीं भी पेयजल आपूर्ति में बाधा न आने दी जाए। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि अमूल्य जल का दुरुपयोग न करें, पानी को व्यर्थ बहने से रोकें तथा घरों के बाहर अनावश्यक पानी छिड़काव से बचें, ताकि सभी तक पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। इस दौरान अधीक्षण अभियांता जन स्वास्थ्य एंव अभियांत्रिकी विभाग धर्मवीर यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## भगवान परशुराम जयन्ती पर आयोजित हुई भव्य शोभायात्रा

### वन मंत्राी शर्मा ने ध्वज लहराकर कर शोभायात्रा को रवाना कर शिरकत की

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने भगवान परशुराम जयन्ती के अवसर पर ब्राह्मण समाज अलवर द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा को दिल्ली दरवाजा बाहर परशुराम भवन से ध्वज लहराकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने होप सर्कस पर महाआतरती में भाग लेकर भगवान परशुराम पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। वन मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि भगवान परशुराम अन्य का विरोध कर पीडितों की सहायता करने वाले है। उनके जीवन संदेश को आत्मसाध कर समाज में समता की भाव उत्पन्न किया जा सकता है। मंत्री शर्मा ने शोभायात्रा में भगवान परशुराम के वाहन के सारथी बनकर शिरकत की। इस दौरान बडी संख्या में विप्र बन्धु शामिल हुए। शोभायात्रा का शहर में विभिन्न समाजों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा दिल्ली दरवाजा भवन से प्रारम्भ होकर ब्राह्मण छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष विशम्भर वशिष्ठ, पंडित धर्मवीर शर्मा, योगेश मिश्रा, प्रकाश गंगावत, सुरेश पाड़ा, झमन लाल शर्मा, त्रिपोलिया महादेव के महंत जितेंद्र खेड़ापति, वेदांती श्री गंगादास जी महाराज सहित बडी संख्या में विप्र बन्धु शोभायात्रा में शामिल हुए।




## कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में 160 से अधिक युवाओं ने लिया भाग



### रोजगारपरक शिक्षा पर जोर, विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वावधान में स्टेशन रोड स्थित डॉ. इंजीनियर्स क्लासेज में 'कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार परामर्श कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी ने की। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरएएस अधिकारी कुमारी रीचा सैनी (अतिरिक्त निदेशक, सहकारिता विभाग) रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में शहर कोतवाली थानाधिकारी रमेशचंद सैनी एवं राजस्थान फल-सब्जी मंडी आढ़ती यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अभय सैनी (पप्पूभाई प्रधान) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में 160 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने भाग लेकर विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अलवर पॉलिटेक्निक कॉलेज के विभागाध्यक्ष संजय सैनी, नर्सिंग प्राचार्य रोशनलाल सैनी, इंजीनियर देवेंद्र सैनी, इंजीनियर मनोज सैनी, कैप्टन उमराव लाल सैनी एवं प्राचार्य दशरथ सिंह सैनी ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, पैरामेडिकल, खेल एवं डिफेंस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की भर्तियों व विभिन्न विश्वविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कैरियर पुस्तिका, डायरी एवं पेन वितरित किए गए तथा अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मण सिंह सैनी एवं मा. राजेन्द्र सैनी ने अतिथियों एवं विशेषज्ञों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने युवाओं को इंटरनेट व मोबाइल का सीमित उपयोग कर भटकाव से बचने तथा रोजगारपरक शिक्षा अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही निर्धन विद्यार्थियों की सहायता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 'महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा संबल' कार्यक्रम चलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर देवेंद्र सैनी एवं लक्ष्मण सिंह सैनी ने किया। इस अवसर पर सैनी महासभा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने भगवान परशुराम जयन्ती के अवसर पर आयोजित गौ सवामनी कार्यक्रम में की शिरकत



### भगवान परशुराम की जयंती उनके आदर्शों, त्याग, तप, शौर्य, और धर्म रक्षा की प्रतिज्ञा को अपने जीवन में उतारने का अवसर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर विप्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित गौ सवामनी कार्यक्रम में शिरकत कर गौ माता को चारा खिलाकर पशु सेवा का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी विधिवत आरती की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और संपन्नता की कामना की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने प्रदेशवासियों को भगवान परशुराम जयन्ती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान परशुराम अन्याय और अनाचार का प्रतिरोध करते हुए जीवन में आदर्श की स्थापना के प्रेरक हैं। उन्होंने ने कहा कि हमें भगवान परशुराम की जयंती पर उनके आदर्शों, त्याग, तप, शौर्य, और धर्म रक्षा की प्रतिज्ञा को अपने जीवन में उतारने तथा अन्याय के विरुद्ध निर्भीकता से खड़े होने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की परिचायक होने के साथ ही सनातन संस्कृति में गौ माता का पवित्रा स्थान रहा है तथा हमारे ग्रन्थों में भी गोसेवा एवं पशु सेवा को सर्वोपरि बताया गया है। उन्होंने कहा कि गौ माता की सच्चे भाव से सेवा करने पर जीवन में विभिन्न प्रकार के कष्टों का हरण होता है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश गंगावत, प्रकाश अडिचवाल, ऋषिराज शर्मा, पं. राजेन्द्र शर्मा, पीयूष जाडला, धर्मेन्द्र शर्मा, हरिओम शर्मा, दौलतराम शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक धरोहर स्थलों, बावड़ियों एवं धार्मिक परिसरों में विशेष श्रमदान अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

### स्वच्छता को दैनिक आदत में शामिल करने एवं 'कचरा अलग करो, शहर साफ रखो' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर निगम एवं अरावली ट्रेकर्स के संयुक्त तत्वावधान में शहर की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सागर जलाश्य के आसपास स्थित ऐतिहासिक धरोहर स्थलों, बावड़ियों एवं धार्मिक परिसरों में विशेष श्रमदान अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत में शामिल करने एवं 'कचरा अलग करो, शहर साफ रखो' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि यह अभियान नगर निगम अलवर एवं अरावली ट्रेकर्स की एक साझा पहल के रूप में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं जागरूक बनाना रहा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत सागर जलाश्य के आसपास स्थित ऐतिहासिक धरोहर स्थलों, बावड़ियों एवं धार्मिक परिसरों में विशेष सफाई कार्य किया गया, जिसमें एक बावड़ी का स्वरूप निखरकर सामने आया। उन्होंने बताया कि सभी के संयुक्त प्रयासों से लगभग 4 ट्रॉली लगभग 50 कचरे के बैग भर के कचरा एकत्रित कर क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाया गया। उन्होंने बताया कि यह पहल नगर निगम अलवर एवं अरावली ट्रेकर्स द्वारा शहर में स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल सफाई तक सीमित है बल्कि नागरिकों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का भी प्रयास है। इस दौरान अरावली ट्रेकर्स के संस्थापक दीपक गलाव सहित नगर निगम की टीम, मैत्री क्लब, पंजाबी फुलकारी क्लब, खंडेलवाल महिला मंडल, एडीआई, लक्ष्मी मंदिर स्टूडियो, खंडेलवाल सेवा समिति, प्रीत फाउंडेशन एवं रोटरैक्ट क्लब के सदस्य मौजूद रहे।



## लापता डॉक्टर का शव कुएं में मिला, 15 अप्रैल को शादी समारोह में गया था

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की बांसवाड़ा जिले के पीपलखूंट थाना इलाके में बोरी पी गांव में एक कुएं में लापता डॉक्टर की लाश मिलने के बाद आसपास के इलाके में सनसनी मिल गई कुएं के आसपास काफी बदबू आ रही थी इसलिए स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को बाहर निकाल लिया जिसमें पुलिस की छानबीन में लाश की पहचान लापता डॉक्टर मोहित के रूप में हुई जो सज्जनगढ़ बांसवाड़ा का रहने वाला है और पिछली 15 अप्रैल को शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया हुआ था लापता डॉक्टर मोहित का यह मामला काफी संदिग्ध और जटिल दिख रहा है कहीं ना कहीं यह मामला हत्या से भी जुड़ रहा है इसलिए पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है द्य पुलिस अब जांच पड़ताल करके यह पता लग रही है कि मृतक मोहित का किसी से विवाद या मनमुटाव तो नहीं चल रहा था या फिर वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था वहां पर उसके साथ किसी से झगड़ा या मारपीट तो नहीं हुई थी पुलिस इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि मोहित नशे का आदि तो नहीं था इसके अलावा मोहित की बॉडी का पोस्टमार्टम भी करवाया जा रहा है हालांकि बॉडी काफी डैमेज हो चुकी है डॉक्टर की बॉडी जिस कुएं में ली है वह कुआं खेत पर बना हुआ था पुलिस मृतक डॉक्टर के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है इसके अलावा मृतक डॉक्टर के मोबाइल फोन का भी पता लगाया जा रहा है पुलिस का कहना है कि डॉक्टर के मोबाइल फोन से महत्वपूर्ण जानकारियां भी मिल सकती है इसलिए मृतक मोहित के मोबाइल फोन की भी तलाश की जा रही है ।

## पुष्कर घाटी में यात्रियों से भारी निजी बस 150 फीट गहरी खाई में गिरी, दो जनों की मौत 28 यात्री घायल

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अजमेर जिले में पिसागंन से पुष्कर की ओर आ रही निजी बस का पुष्कर घाटी में अचानक संतुलन बिगड़ गया इसकी वजह से वह रोड से नीचे उतरकर करीब 150 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गई जिसकी वजह से एक बच्चे और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई तथा करीब 28 यात्री घायल हो गई जिनमें पांच यात्रियों की हालत काफी गंभीर बताई गई है बस में सवार सभी यात्रियों को स्थानीय ग्रामीण और पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है सूचना मिलने के बाद पुलिस पर प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं बताया जा रहा है कि जिस जगह पर यह दुर्घटना हुई है वहां खतरनाक घुमाव था इसलिए या तो चालक नियंत्रण खो चुका था या फिर बस का ब्रेक फेल हो गया लेकिन वजह चाहिए जो कुछ रही हो बस जिस तरह से 150 फीट गहरी खाई में गिरी उसके बाद बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई बस में 30 यात्री सवार बताए गए हैं ।

## मध्य प्रदेश के क्रूनो से भटक कर आया चिता रणथंबोर के जोन नंबर -9 में पहुंचा, फॉरेस्ट ऑफिसर कर रहे मॉनिटरिंग

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** मध्य प्रदेश के क्रूनो अभयारण्य से निकलकर राजस्थान की सीमा में आया चिता प्रदेश के सवाई माधोपुर जिले के रणथंभौर अभयारण्य के जोन संख्या -9 में नजर आया है, वन विभाग की टीम इस चीते के मोमेंट पर नजर जमाए हुए हैं मध्य प्रदेश के वन विभाग की टीम भी इस चीते की तलाश करती हुई राजस्थान पहुंच गई है राजस्थान और मध्य प्रदेश दोनों प्रदेशों की वन विभाग की टीम अब इस चीते का रेस्क्यू करने की तैयारी में है लेकिन जब तक रेस्क्यू करने की स्थितियां अनुकूल नहीं बनेगी तब तक चीते का रेस्क्यू किया जाना वन विभाग की टीमों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है यह कोई पहली बार नहीं है जो मध्य प्रदेश के अभ्यारण से निकलकर कोई वन्य जीव या चिता यहां राजस्थान की सीमा में आया हो यहां पहले भी कई बार चीते और अन्य वन्य जीव मध्य प्रदेश के इस मशहूर अभ्यारण से निकलकर भोजन और पानी की तलाश में भटकते हुए राजस्थान की सीमा में पहुंचे ह इसके बाद मध्य प्रदेश की वन विभाग की टीम ने राजस्थान की वन विभाग की टीम की सहायता से रेस्क्यू करके भटक कर आए इन वन्य जीवों को वापस मध्य प्रदेश भी उनके ठिकानों पर लेकर गए हैं लेकिन क्रूनो अभारण्य से चीतों का बार-बार राजस्थान में आना कहीं ना कहीं मध्य प्रदेश की वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गया है हालांकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के अभयारण्य से राजस्थान की सीमा में पहुंच रहे वन्यजीवों को लेकर एक बार हंसते हुए यह प्रतिक्रिया भी की थी कि यह तो अच्छी बात है कि हमारे दोनों प्रदेशों के रिश्तों में हमारे वन्य जीव भी अपने रिश्तों को खूब अच्छी तरह से निभा रहे हैं फिलहाल मध्य प्रदेश के जंगलों से रणथंभौर अभयारण्य में पहुंच चिता इलाके के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का कारण जरूर बना हुआ है इसलिए पुलिस प्रशासन और वन विभाग की टीम इस चीते को लेकर क्षेत्र के लोगों को सावधान और अलर्ट रहने को भी कहा है ।

## मोबाइल से पटरी पर बात कर रही सरकारी टीचर वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आई

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के दौसा जिले के बांदीकुई रेलवे स्टेशन पर एक महिला टीचर रेल पटरी पर मोबाइल से बातचीत करते हुए जा रही थी तभी वह वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आ गई जिसकी वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची मृतक टीचर की बॉडी को कब्जे में किया तथा मामले की जांच शुरू की पुलिस की जांच पड़ताल में मृतक महिला टीचर की पहचान रेखा जांगिड़ के रूप में हुई है जो अजमेर के किशनगढ़ में थर्ड ग्रेड टीचर पद पर पोस्टेड थी और रविवार की छुट्टी की वजह से वह यहां आई हुई थी । पुलिस ने रेखा की बॉडी का पोस्टमार्टम करवा कर बॉडी को उसके परिजनों को दे दिया है लेकिन इस हादसे से यह साबित हुआ है कि रेल पटरी पर कभी भी मोबाइल से बात नहीं करनी चाहिए रेखा जांगिड़ खुद अध्यापिका थी लेकिन अध्यापक होने के बावजूद भी उन्होंने इस विषय पर लापरवाही दिखाई जो उनकी मौत का कारण बन गया ।

## पति-पत्नी के बीच असीम मोहब्बत: दोनों की साथ-साथ हुई मौत

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** 60 साल की गणेश और उनकी 57 साल की पत्नी लाली के बीच आपस में बहुत ही ज्यादा प्रेम था शादी के बाद ही दोनों पति-पत्नी हमेशा साथ-साथ रहते थे और साथ-साथ ही जीने और करने की बात भी कहते थे दोनों के आपस के गहरे प्यार के चर्चे आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों की जुबान पर हमेशा रहते थे अब गणेश और लाली दोनों का एक साथ निधन भी हुआ है यह सुसाइड नहीं है बल्कि दोनों की सामान्य मौत हुई है इसलिए पुलिस ने भी इस मामले में किसी भी तरह का कोई एक्शन नहीं उठाया है दोनों का अंतिम संस्कार ग्रामीणों ने एक ही चिता पर किया है यह घटना भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ की है जहां पर गणेश और उसकी पत्नी लाली दोनों साथ-साथ खाना खाकर सोए थे लेकिन दोनों फिर कभी नींद से उठे ही नहीं हालांकि दोनों की मौत को लेकर कई तरह के सवाल भी खड़े हो रहे हैं लेकिन आसपास के लोगों का भी यही कहना है कि दोनों काफी खुश रहते थे और दोनों ही साथ-साथ जीने और साथ-साथ करने की बात कहा करते थे दोनों का भी मस्त थे अच्छा जीवन जी रहे थे किसी भी तरह कि उन्हें कोई परेशानी नहीं थी इसलिए इस मामले में दोनों के आत्महत्या करने की दूर-दूर तक संभावना नजर नहीं आ रही लेकिन इतना जरूर है कि दोनों की मौत एक साथ हुई है तो कहीं उनके भोजन में कोई गड़बड़ी तो नहीं थी

# महिला आरक्षण के नाम पर देश के साथ किया छलावा, दलित- ओबीसी साथ अन्याय नहीं होने देगी कांग्रेस : जूली


**जयपुर टाइम्स**



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के हालिया बयान को तथ्यों से परे और भ्रामक करार देते हुए तीखा हमला बोला है। जूली ने कहा कि भाजपा द्वारा महिला हितैषी होने का किया जा रहा दावा केवल एक चुनावी मुखौटा है जबकि असलियत में उनकी नीयत महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने की नहीं बल्कि इस संवेदनशील विषय पर केवल राजनीति करने की है। जूली ने स्पष्ट किया कि मामला केवल महिला आरक्षण बिल का नहीं था बल्कि इसकी आड़ में परिसीमन से जुड़ी गहरी साजिश थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार परिसीमन को उस आधार पर करना चाहती थी जिसमें उसे जातिगत जनगणना के आंकड़ों की जरूरत न पड़े। इससे भाजपा को अपनी मनमानी करने और चुनावी क्षेत्रों में हेरफेर करने की पूरी आजादी मिल जाती। विपक्ष ने इसी छिपे हुए एजेंडे का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की इसी कुत्सित नीयत को जनता ने पहचान लिया और उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। टीकाराम जूली ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित, ओबीसी और कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मोदी सरकार महिला आरक्षण को केवल एक हथियार बनाकर संविधान की मूल भावना को चोट पहुँचाने की कोशिश कर रही है। जूली ने संकल्प दोहराया कि महिलाओं के नाम पर संविधान को कमजोर करने या संवैधानिक मर्यादाओं को तोड़ने के मोदी सरकार के हर कदम को कांग्रेस पूरी ताकत से रोकेगी। भाजपा यह समझ ले कि दलितों और पिछड़ों के अधिकारों से खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जूली ने केंद्र सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि 2023 में जो महिला आरक्षण विधेयक संसद में सर्वसम्मति से पारित हुआ था उसे मोदी सरकार अभी और इसी वक्त लागू क्यों नहीं करती? उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष महिला आरक्षण के पक्ष में एकजुट है लेकिन मोदी सरकार इसे जनगणना और परिसीमन के जाल में फंसाकर टाल रही है। जूली ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा और मोदी सरकार का 'सर्वसम्मति' में रत्ती भर भी विश्वास नहीं है यह सरकार केवल इवेंट मैनेजमेंट और पीआर के दम पर देश को गुमराह करने में विश्वास रखती है। महिला आरक्षण जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर भी सरकार विपक्ष को साथ लेकर चलने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि चूंकि मोदी सरकार इस महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक को उसकी मूल भावना के साथ लागू करने और तार्किक परिणति तक पहुँचाने में नाकाम रही है, इसलिए नैतिकता के आधार पर प्रधानमंत्री मोदी को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए जो सरकार देश की आधी आबादी को उनके हक के नाम पर केवल छलावा देती हो उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा को आईना दिखाते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो पार्टी आज तक अपने संगठन में किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बना सकी वह महिलाओं के सशक्तीकरण की बात कर रही है। उन्होंने याद दिलाया कि भारत में महिलाओं को मतदान का अधिकार और बराबरी की शक्ति स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद कांग्रेस की प्रगतिशील सोच के कारण मिली। देश को पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, कांग्रेस शासन के दौरान ही मिलीं। इसके साथ ही पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें सत्ता की मुख्यधारा से जोड़ने की नींव हमारे दूरदर्शी नेता स्वर्गीय राजीव गांधी ने रखी थी। जूली ने स्पष्ट कहा कि कि महिला आरक्षण के लिए पूरा विपक्ष तैयार है लेकिन मोदी सरकार की नीयत साफ नहीं है। इन लोगों ने महिला आरक्षण को केवल एक मुखौटा बनाया ताकि उसकी आड़ में गलत तरीके से परिसीमन करवाया जा सके।

## कांग्रेस द्वारा बिल का समर्थन नहीं करना, करोड़ों बहनों के आत्मसम्मान को आघात पहुंचाने वाला: मदन राठौड़

**जयपुर टाइम्स**



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पार्टी को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास महिलाओं के अधिकारों के प्रति उपेक्षापूर्ण रहा है। शाहबानो प्रकरण इसका स्पष्ट उदाहरण है जब कांग्रेस सरकार ने संविधान में बदलाव कर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निष्प्रभावी बना दिया और एक महिला को न्याय से वंचित कर दिया। यह कदम न केवल उस महिला के साथ अन्याय था बल्कि देश की करोड़ों मुस्लिम बहनों के आत्मसम्मान को भी आघात पहुंचाने वाला था। महिलाओं के जीवन को सम्मानजनक और सशक्त बनाने के बजाय कांग्रेस ने हमेशा उन्हें साइलेंट वोटर के रूप में देखा। आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे उद्योग चला रही हैं, विज्ञान और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। अब वे साइलेंट वोटर नहीं, बल्कि देश के भविष्य को दिशा देने वाली शक्ति हैं। उन्हें विधानसभा और लोकसभा में पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी ने मुस्लिम महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जिससे उनका आत्म राठौड़ ने बताया कि भैंरो सिंह शेखावत ने पंचायतों और निकायों में महिलाओं को आरक्षण देकर उनके राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल की थी। इसी क्रम में अटल बिहारी वाजपेयी सहित कई नेताओं ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए प्रयास किए। चूंकि इस प्रकार के महत्वपूर्ण विधेयकों के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत आवश्यक होता है इसलिए अपेक्षा की जाती है कि कांग्रेस भी इसमें सकारात्मक सहयोग दे। दुर्भाग्यवश कांग्रेस को यह आशंका है कि महिलाओं को अधिक अधिकार देने से उनका राजनीतिक आधार कमजोर हो सकता है इसलिए वह ऐसे महत्वपूर्ण विधेयकों का समर्थन करने से बचती रही है। यह दृष्टिकोण न केवल महिलाओं के साथ अन्याय है बल्कि देश के लोकतांत्रिक विकास में भी बाधक है। आज समय आ गया है कि सभी राजनीतिक दल महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उनके सशक्तिकरण के लिए एकजुट होकर कार्य करें। राठौड़ ने बताया कि कांग्रेस को डर है कि यदि महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक अधिकार मिल गए तो उनकी पारंपरिक वोट बैंक की राजनीति कमजोर हो जाएगी। यही कारण है कि वह महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी स्पष्ट और मजबूत समर्थन देने से बचती रही है। कांग्रेस को अब यह समझ लेना चाहिए कि देश की महिलाएं जाग चुकी हैं। वे अपने सम्मान, अधिकार और प्रतिनिधित्व के लिए किसी भी राजनीतिक छल-कपट को बर्दाश्त नहीं करेंगी। समय की मांग है कि महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में उनका उचित अधिकार दिया और जो भी इसमें बाधा बनेगा उसे जनता जवाब देगी।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष का दोहरा रवैया उजागर : डॉ अलका गुर्जर

**जयपुर टाइम्स**



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के रुख पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष के लिए महिला सशक्तिकरण केवल भाषणों तक सीमित है। दशकों तक महिला आरक्षण बिल की बात करने वाले दल, जब उसे वास्तविकता में बदलने का समय आया तो सदन में हंगामा कर उसके पारित होने में बाधा बने। उन्होंने कहा कि देश में नारी शक्ति को सशक्त होते देख विपक्ष असहज हो गया और जिम्मेदारी से बचने के लिए सदन से बाहर चला गया, गुर्जर ने कहा कि विपक्ष को महिलाओं के वोट तो चाहिए लेकिन संसद में उनकी भागीदारी स्वीकार नहीं है। पहले परिवार फिर अन्य की सोच रखने वाले ये दल नहीं चाहते कि देश की बेटियां निर्णय लेने वाली मुख्यधारा तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि देश की मातृशक्ति सब देख रही है और विपक्ष का वास्तविक चेहरा पहचान चुकी है। आने वाले समय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से इसका जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिला हितैषी होने का दावा करने वाले दलों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण से लोकतंत्र खतरे में नजर आता है जबकि वास्तविकता यह है कि उन्हें महिला आरक्षण से नहीं बल्कि इसका श्रेय वर्तमान सरकार को मिलने से आपत्ति है। अलका गुर्जर ने कहा कि एक ओर ये दल महिला सम्मेलनों का आयोजन करते हैं वहीं दूसरी ओर संसद में महिला हितों से जुड़े विधेयकों का विरोध करते हैं। यह विपक्ष का दोहरा चरित्र सबके सामने उजागर हो रहा है। जो दल महिलाओं के सशक्तिकरण के नारे देते हैं वही उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने से पीछे हटते हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुद्दे पर विपक्ष की वास्तविकता देश के सामने आ चुकी है। विपक्ष को भय है कि यदि गांव-गरीब और सामान्य परिवारों की महिलाएं संसद तक पहुंचेंगी तो परिवारवाद की राजनीति कमजोर होगी इसीलिए वे महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और वे इस प्रकार के विरोधाभासी रवैये को भली-भांति समझती हैं। भविष्य में इसका प्रभाव लोकतांत्रिक निर्णयों में अवश्य दिखाई देगा।

## देश के नाम संबोधन में पीएम मोदी ने देश की महिलाओं को भड़काया, महिला आरक्षण कांग्रेस की देन : अशोक गहलोत

**जयपुर टाइम्स**



**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि शनिवार को देश के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण बिल की आड़ में देश की महिलाओं को भड़काने का प्रयास किया लेकिन देश की महिलाएं अच्छी तरह से जानती है कि महिला आरक्षण कांग्रेस पार्टी की सरकार ही लेकर आई थी और आगे भी कांग्रेस पार्टी ही महिलाओं को आरक्षण देगी उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतने के प्रयास में भाजपा की सरकार जल्दी बाजी में यह बिल लेकर आई और अपने फायदे के लिए मनमाने तरीके से परिसीमन करवाना चाहती थी यह एक तरीके से भाजपा सरकार का षड्यंत्र था जिसको कांग्रेस और पूरे विपक्ष ने सफल नहीं होने दिया गहलोत ने पत्रकारों से कहा कि भाजपा पहले देश को कांग्रेस मुक्त बनाने का सपना देख रही थी लेकिन वह कामयाब नहीं हुई अब चीन और रूस की तरह भारत में भी लंबे समय तक तानाशाही राज करने का सपना देख रही है और इस सपने को साकार करने के लिए जोड़ तोड़ बिठाकर भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास कर रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी उसके इस प्रयास को सफल नहीं होने देगी उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं का सम्मान दिया है हमेशा महिलाओं को उचित प्लेटफार्म दिखाए है इस बात को देश की महिलाएं अच्छी तरह से जानती है इसलिए देश के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से देश की महिलाओं को महिला आरक्षण बिल की आड़ में भड़काने और बहकने का प्रयास किया उनका यह प्रयास सफल नहीं होगा उन्होंने कहा कि देश के नाम संबोधन में आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने अन्य राजनीतिक दलों की बुराई नहीं की लेकिन मोदी ने देश के नाम संबोधन पूरी तरह से राजनीतिक बना दिया इसको देश की जनता भी जानती है । पत्रकारों से बातचीत के दौरान गहलोत ने रविवार को एक बार फिर से कहा कि उन्होंने अपनी पिछली सरकार कि उन योजनाओं के बारे में बताया है जिन पर करोड़ों रुपए खर्च हो चुका है और अगर वह योजनाएं और प्रोजेक्ट शुरू नहीं होते हैं तो फिर उन करोड़ों रुपए का कोई मतलब नहीं निकलेगा इसलिए उन्होंने अपने इंतजार शास्त्र के माध्यम से बुनियादी और प्रभावी विषय उठाए हैं जो सीधे प्रदेश की जनता की भलाई और प्रदेश के विकास से जुड़े हुए हैं उन्होंने सिर्फ उन योजनाओं को प्रोजेक्ट को शुरू करने की बात कही है इसमें कोई राजनीति नहीं है ।


## सेंट्रल जेल में आरएसी के जवान ने खुद को गोली मारी: जेल प्रशासन में मचा हड़कंप

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर की सेंट्रल जेल में रविवार को आरएसी के जवान ने खुद को गोली मार ली इस घटना के बाद जेल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया सूचना मिलने के बाद लाल कोठी थाना पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत एकत्रित किए हैं जब तक जांच कंप्लीट नहीं हो जाती तब तक यह कहना काफी मुश्किल है कि यह मामला आत्महत्या का है या फिर यह हादसा है फिलहाल जेल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों का भी कहना है कि मृतक जवान गिरधारी लाल है जो सेंट्रल जेल में टावर पर नियुक्त था लेकिन जिस तरह से उसने टावर के नीचे आकर बैरक में गोली मारी यह बात ठीक तरह से जेल प्रशासन के अधिकारियों के पहले नहीं उतर रही हालांकि जवान के छाती में बोली लगी है और जेल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि अगर गिरधारी आत्महत्या ही करता तो वह टावर पर ड्यूटी के दौरान भी कर सकता था उसने टावर से नीचे उतरकर बैरक में की गोली क्यों मारी इसके अलावा गिरधारी लाल बिल्कुल सामान्य दिख रहा था उसके स्वभाव और भाव में भी कोई अंतर नहीं आया था वह साधारण तौर पर नजर आता था और ना ही उसने अपनी किसी परेशानी के बारे में अपने किसी साथी को कोई बात बताई इसलिए वह शारीरिक और मानसिक रूप से भी काफी ठीक था फिर वह आत्महत्या क्यों करेगा इसलिए जेल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि हो सकता है टावर से नीचे उतरते समय सर्विस रिवॉल्वर उसके हाथ में थी और कहीं उसके शरीर का बैलेंस बिगड़ने की वजह से रिवाल्वर से गोली निकाल कर उसकी छाती में लग गई जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि 28 साल का मृतक जवान गिरधारी लाल पिछले 5 साल से यहां पोस्टेड था और कभी भी वह टेंशन में नजर नहीं आया और ना ही उसने अपनी किसी परेशानी के बारे में अपने अधिकारियों या फिर अपने साथियों को बताया इसलिए सुसाइड करने की बात किसी के भी गले नहीं उतर रही पुलिस मृतक गिरधारी लाल की परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है फिलहाल मृतक की बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर भी पुलिस की जांच को और सही दिशा मिल पाएगी

## जयपुर ग्रामीण एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने फुलेरा, संभरलेक और रेनवाल पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**जयपुर टाइम्स**



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने जिले के संभरलेक, रेनवाल और फुलेरा स्टेशन का अचानक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत, प्राथमिकी, प्राथमिक की जांच, मामलों की पेंडेंसी, इलाके की निगरानी, हवालात इत्यादि के बारे में जानकारी हासिल की और पुलिस स्टेशन में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों के समस्याओं के बारे में भी जानकारी हासिल की मुलाकात के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस स्टेशन में आने वाले सभी पीड़ित लोगों की शिकायतों को दर्ज किया जाए उनकी जांच की जाए इमानदारी से जांच की जाए और सभी तरह के मामलों की जांच जल्दी से जल्दी करके दो से लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए गौरतलब है कि हनुमान प्रसाद मीणा इससे पहले जयपुर पश्चिम के डीसीपी पद पर नियुक्त थे जयपुर में भी नियुक्ति के दौरान हनुमान प्रसाद मीणा नियमित रूप से विभिन्न पुलिस स्टेशन का अचानक निरीक्षण करने पहुंच जाया करते थे और पुलिस स्टेशन के कार्यशैली और पुलिस स्टेशन में तैनात अधिकारी और कर्मचारियों के व्यवहार के बारे में लोगों से जानकारी हासिल किया करते थे इस तरह से पुलिस अधीक्षक मीणा की कार्यशैली में पुलिस स्टेशन का नियमित रूप से निरीक्षण करने की उनकी आदत काफी पुरानी है इसलिए अब जयपुर जिला ग्रामीण में भी वे लगातार जिले के विभिन्न पुलिस स्टेशन का अचानक निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं इसलिए मीणा के अचानक निरीक्षण करने की इस हैबिट से पुलिस स्टेशन में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों में भी इस बात का डर बना रहता है कि कप्तान महोदय किसी भी समय या निरीक्षण करने के लिए आ सकते हैं इसलिए वह अपनी ड्यूटी और दायित्व को लेकर ज्यादा गंभीर और सजक रहते हैं जो निश्चित रूप से जयपुर ग्रामीण पुलिस के कार्यशैली को मजबूती प्रदान कर रहा है

## कांग्रेस की महिला विरोधी सोच के खिलाफ भाजपा की जन आक्रोश महिला पदयात्रा आज

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से नारी शक्ति के स्वाभिमान के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ आज भाजपा प्रदेश कार्यालय से जन आक्रोश महिला पदयात्रा रवाना की जाएगी। इसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं बहनें भाग लेंगी। यह पदयात्रा नारी सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के समर्थन में एक सशक्त जन-आवाज के रूप में आयोजित की जा रही है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्ध रही है। संसद एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने हेतु लाए गए संविधान संशोधन के माध्यम से भाजपा ने नारी शक्ति को मुख्यधारा में सशक्त भागीदारी देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। दुर्भाग्यवश, कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों द्वारा इस महत्वपूर्ण संशोधन का समर्थन नहीं करना नारी शक्ति के सम्मान के प्रति उनकी उदासीनता और विरोधाभासी सोच को दर्शाता है। इसी के विरोध में यह जन आक्रोश महिला पदयात्रा आयोजित की जा रही है, ताकि महिलाओं के अधिकारों के प्रति असंवेदनशीलता के खिलाफ आमजन को जागरूक किया जा सकें।

## सम्पादकीय

# मतदाता सूची से बाहर लाखों नाम, सुप्रीम कोर्ट से राहत



पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया की वजह से जिस तरह की जटिलता खड़ी हुई है, उसमें लाखों मतदाताओं के मताधिकार से वंचित रह जाने की आशंका है। इस मसले पर राज्य के आम लोगों के बीच आक्रोश भी देखा गया। मगर यह सवाल अब भी कायम है कि अगर किन्हीं वजहों से बाद में पात्र साबित हुए मतदाता वोट देने से वंचित रह गए, तो इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा। समस्या यह है कि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं और अब तक भारी संख्या में वैसे लोग मतदाता सूची से बाहर हैं, जिन्हें 'विचाराधीन' की श्रेणी में रखा गया है या जो किसी मामूली गड़बड़ी की वजह से नियमों की कसौटी पर पात्र नहीं माने गए। यह बेवजह नहीं है कि राज्य में इस मसले पर तीखे मतविरोध उभरे हैं और मांग की जा रही है कि चुनाव आयोग ऐसी कोई व्यवस्था करे, ताकि किसी पात्र मतदाता को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं होना पड़े। इसी के मद्देजनर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनुच्छेद 142 का हवाला देते हुए एक अहम आदेश दिया कि पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए अपीलीय प्राधिकरण जिन लोगों की अपील पर 21 अप्रैल तक फैसला दे देंगे, वे अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं, प्राधिकरण की ओर से जिन लोगों की अपील पर 27 अप्रैल तक फैसला कर दिया जाएगा, वे 29 अप्रैल को दूसरे चरण में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। यानी सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद राज्य के लाखों वैसे लोगों को राहत मिली है, जिन्हें किन्हीं वजहों से एसआइआर की प्रक्रिया के दौरान वोट देने के अधिकार से वंचित मान लिया गया था। उसके बाद मतदाता सूची से हटाए गए बहुत सारे लोगों ने अपीलीय प्राधिकरणों में अपील दायर की हुई है कि उन्हें पात्र मतदाता माना जाए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ जिन मतदाताओं की अपील प्राधिकरणों की ओर से स्वीकार कर ली गई है, उनके नाम को शामिल करते हुए पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए। अब यह उम्मीद की जा सकती है कि राज्य में एसआइआर की प्रक्रिया के बाद जिन करीब सत्ताईस लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे, उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिल सकेगा। मगर तथ्य यह भी है कि निर्वाचन आयोग की ओर से जल्दबाजी और पुनरीक्षण की प्रक्रिया में तमाम खामियों की वजह से अपनी पात्रता साबित करने का बोझ खुद मतदाताओं पर ही आ खड़ा हुआ है। एक सवाल यह है कि मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों में अगर कई लोग अपील की प्रक्रिया के बारे में जानकारी और जागरूकता की कमी की वजह से प्राधिकरणों के पास नहीं जा सके, तो क्या सिर्फ इस आधार पर उन्हें अंतिम तौर पर अपात्र मान लिया जाएगा! यह अपने आप में एक बड़ी विडंबना है कि लोगों के वोट देने के हक को सुनिश्चित करने की प्रक्रिया पर जिस तरह के सवाल उठे हैं, वे लोकतंत्र और संवैधानिक अधिकारों के लिहाज से दुखद हैं। इससे शायद ही किसी को असहमति होगी कि किसी भी अपात्र व्यक्ति को वोट देने का हक नहीं मिलना चाहिए, लेकिन साथ ही वास्तव में किसी भी पात्र मतदाता को सिर्फ तकनीकी बारीकियों और जटिलताओं के आधार पर मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

## कहानी

# सूत का रेशम

नन्हे भाई हमें कितनी बार ही बेवक़ूफ़ बनाते, मगर हमको आख़िर में कुछ ऐसा क़ाइल कर दिया करते थे कि उन पर से ए'तिबार न उठता। मगर एक वाक़ेए ने तो हमारी बिल्कुल ही कमर तोड़ दी। न जाने क्यों बैठे बिठाए जो आफ़त आई तो पूछ बैठे, "नन्हे भाई! ये रेशम कैसे बनता है?" "अरे बुद्धू! ये भी नहीं मालूम, रेशम कैसे बनता है! इसमें मुश्किल ही क्या है? सादा सूती धागा लो। उसे दो पलंगों के पाए पर ऐसा तान दो जैसे पतंग का माँझा तानते हैं बस जनाब-ए-आली! अब एक या दो हस्ब-ए-ज़रूरत अंडे ले लो। उनकी ज़र्दी अलग कर लो, उन्हें ख़ूब काँटे से फेंटो, अच्छा नमक-मिर्च डाल कर, आमलेट बना कर हमें खिलाओ, समझें?" "हाँ आँ। मगर रेशम?" "चे। बे वक़ूफ़! अब सुनो तो आगे। बाक़ी बची सफ़ेदी, उसे लेकर इतना फेंटो। इतना फेंटो कि वो फूल कर कुप्पा हो जाए। बस जनाब अब ये सफ़ेदी बड़ी एहतियात से पलंग के पायों पर तने हुए तागे पर लगा दो। जब सूख जाए, सँभाल के उतार कर उसका गोला बना लो, आप चाहे उसके रेशम से साड़ियाँ बिनो, चाहे क़मीसें बनाओ।" "अरे बाप रे!" हमने सोचा। रेशम बनाना इतना आसान है और हम अब तक बुद्धू ही थे, जो अम्माँ से रेशमी कपड़ों के लिए फ़रमाइश करते रहे। अरे हम ख़ुद इतना ढ़ेरों रेशम बना सकते हैं तो हमें क्या ग़रज़ पड़ी है, जो किसी की जूतियाँ चाटते फिरें। बस साहब, उसी वक़्त एक अंडा मुहय्या किया गया। ताज़ा-ताज़ा काली मुर्ग़ी डरबे में दे कर उठी और हमने झपट लिया। फ़ौरन नुस्ख़ा पर 'अमल किया गया, यानी ज़र्दी का आमलेट बना कर ख़ुद खा लिया, क्योंकि नन्हे भाई नहीं थे उस वक़्त। अब सवाल ये पैदा हुआ कि तागा कहाँ से आए? ज़ाहिर है कि तागा सिर्फ़ आपा की सीने-पिरोने वाली संदूक़ची में ही मिल सकता था। सख़्त मरखन्नी थीं आपा। मगर हमने सोचा, नर्म-नर्म रेशम की लच्छियों से वो ज़रूर नर्म हो जाएँगी। क्या है, हम भी आज उन्हें ख़ुश ही क्यों न कर दें। बहुत नालाँ रहती हैं हमसे, बद-क़िस्मती से वो हमें अपना दुश्मन समझ बैठी हैं। आज हम उन्हें शर्मिंदा करके ही छोड़ेंगे। वो भी क्या याद करेंगी कि किस क़दर फ़र्स्ट-क्लास बहन अल्लाह पाक ने उन्हें बख़्शी है। जिसने सूत का रेशम बना दिया। आपा जान सो रही थीं और हम दिल ही दिल में सोच रहे थे कि रेशम की मलाई लच्छियाँ देख कर आपा भी रेशम का लच्छा हो जाएँगी और फिर हमें कितना प्यार करेंगी। सख़्त चिप-चिपा और बदबूदार था रेशम बनाने का ये मसाला। नातजुर्बा-कारी की वजह से आधा तागा तो उलझ कर बेकार हो गया। मगर हमने भी आज तय कर लिया था कि अपनी क़ाबिलियत का सिक्का जमा कर चैन लेंगे।

लिहाज़ा आपा की संदूक़ची में से हमने सारी की सारी रंग-बिरंगी सूती और रेशमी रीलें लेकर दो पलंगों के दरमियान तान दीं कि रेशम तो और चमकदार हो जाएगा। सूत रेशम हो जाएगा। अब हमने अंडे की फेंटी हुई सफ़ेदी से ताने हुए तागे पर ख़ूब गुस्से देने शुरू किए।

इतने में आपा जान आँखें मलती और जमाइयाँ लेती हुई हमारे सर पर आन धमकीं। थोड़ी देर तो वो भौंचक्की सी खड़ी ये सारा तमाशा देखती रहीं। फिर बोलीं, "ये... ये क्या... कर रही है। मर्दी?" उन्होंने ब-वक़्त आवाज़ हलक़ से निकाली।

"रेशम बना रहे हैं!" हमने निहायत ग़ुरूर से कहा और फिर नुस्ख़े की तफ़सील बताई।


और फिर घर में वही क़यामत-ए-सुग़रा आ गई जो उमूमन हमारी छोटी-मोटी हरकतों पर आ जाने की आदी हो चुकी थी। ना-शुक्री आपा ने हमारी सख़्त पिटाई की।

घर में सब ही बुज़ुर्गों ने दस्त-ए-शफ़क़त फेरा, "रेशम बनाने चली थीं!" "अपने कफ़न के लिए रेशम बना रही थी चुड़ैल।"

लोगों ने ज़िंदगी दूभर कर दी, क्यों कि वाक़ई रेशम बुनने के बजाए तागा, बर्तन माँझने का जूना बन गया।

हमने जब नन्हे भाई से शिकायत की तो बोले, "कुछ कसर रह गई होगी... अंडा बासी होगा।"

# फिर अटका महिला आरक्षण



महिला आरक्षण विधेयक 2023 में इस प्रविधान के साथ पारित हुआ था कि उसे नई जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के उपरांत लागू किया जाएगा, लेकिन कोविड और फिर अन्य कारणों से 2021 में होने वाली जनगणना में देरी होती चली गई। अब वह शुरू हुई है। उसके नतीजे आने में समय लगेगा और फिर परिसीमन होते-होते 2029 बीतने के आसार हैं। इसके चलते महिला आरक्षण 2034 के लोकसभा चुनाव में ही लागू हो पाता। इसी कारण सरकार ने महिला आरक्षण शीघ्र लागू करने की पहल की। उसने इसके लिए लोकसभा सीटें बढ़ाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक के साथ परिसीमन से जुड़ा संशोधन विधेयक और केंद्रशासित प्रदेश संबंधी संविधान विधेयक पेश किया। चूंकि 131वां संविधान संशोधन विधेयक ही पारित नहीं हो सका, इसलिए सरकार के लिए अन्य दोनों विधेयक बेमानी हो गए।
मौजूदा लोकसभा सीटें 1971 की जनगणना के बाद हुए परिसीमन के तहत बढ़ी थीं। इसके बाद से वे यथावत हैं, क्योंकि परिसीमन कराकर लोकसभा सीटें बढ़ाने की पहल को फ्रीज कर दिया गया था। 1971 में भारत की आबादी करीब 55 करोड़ थी। अब 140 करोड़ हो चुकी है,

मोदी सरकार ने संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण लागू करने के लिए सभी राज्यों में 50 प्रतिशत लोकसभा सीटें बढ़ाए जाने का जो संविधान संशोधन विधेयक पेश किया, उसे वह विपक्ष के विरोध के कारण पारित नहीं कर सकी और दो तिहाई बहुमत के अभाव में वह गिर गया। इसी के साथ अगले आम चुनाव यानी 2029 से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की पहल ठंडे बस्ते में चली गई।

ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि जहां प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने दक्षिण के क्षेत्रीय दलों जैसी संकीर्णता दिखाई तो सपा जैसे दलों ने महिला आरक्षण के भीतर ओबीसी, अल्पसंख्यक वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षण की मांग की। कांग्रेस एवं दक्षिण भारत के दलों और खासकर तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने ऐसे व्यवहार किया, जैसे किसी राज्य विशेष के हितों अथवा क्षेत्र विशेष की महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाया गया था। यह विधेयक तो समस्त राष्ट्र की महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए था। एक लोकसभा सदस्य जब किसी बिल पर मतदान करता है तो राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर करता है, न कि राज्य विशेष के हितों को ध्यान में रखकर।

महिला आरक्षण विधेयक 2023 में इस प्रविधान के साथ पारित हुआ था कि उसे नई जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के उपरांत लागू किया जाएगा, लेकिन कोविड और फिर अन्य कारणों से 2021 में होने वाली जनगणना में देरी होती चली गई। अब वह शुरू हुई है। उसके नतीजे आने में समय लगेगा और फिर परिसीमन होते-होते 2029 बीतने के आसार हैं। इसके चलते महिला आरक्षण 2034 के लोकसभा चुनाव में लागू हो पाता। इसी कारण सरकार ने महिला आरक्षण शीघ्र लागू करने की पहल की। उसने इसके लिए लोकसभा सीटें बढ़ाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक के साथ परिसीमन से जुड़ा संशोधन विधेयक और केंद्रशासित प्रदेश संबंधी संविधान विधेयक पेश किया। चूंकि 131वां संविधान संशोधन विधेयक ही पारित नहीं हो सका, इसलिए सरकार के लिए अन्य दोनों विधेयक बेमानी हो गए।

मौजूदा लोकसभा सीटें 1971 की जनगणना के बाद हुए परिसीमन के तहत बढ़ी थीं। इसके बाद से वे यथावत हैं, क्योंकि परिसीमन कराकर लोकसभा सीटें बढ़ाने की पहल को फ्रीज कर दिया गया था। 1971 में भारत की आबादी करीब 55 करोड़ थी। अब 140 करोड़ हो चुकी है, पर लोकसभा सीटें 543 ही हैं। इसके चलते एक लोकसभा सदस्य को कहीं अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करना पड़ता है। कहीं-कहीं तो यह आबादी 45 लाख से भी अधिक है। परिसीमन फ्रीज करने का एक बड़ा कारण दक्षिण के राज्यों का यह तर्क था कि वे अपनी आबादी कम करने में सफल रहे हैं और यदि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है तो उत्तर भारत के मुकाबले लोकसभा में उनका प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा, लेकिन प्रश्न यह है कि अब जब नई जनगणना के बाद परिसीमन होगा तो क्या उस समय वे यह जिद पकड़ेंगे कि वह जनसंख्या के आधार पर न हो? जो भी हो, विपक्षी नेता यह समझा नहीं सके कि उनका महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक के विरोध के पीछे औचित्य क्या था? इस विधेयक के गिर जाने से विपक्षी दल यह कह सकते हैं कि उन्होंने सरकार के इरादों पर पानी फेर दिया, लेकिन उनके लिए जनता को यह समझाना कठिन होगा कि उन्होंने महिला आरक्षण क्यों नहीं लागू होने दिया? यह तय है कि महिला आरक्षण की पहल नाकाम हो जाने पर भाजपा विपक्ष के रवैये को राजनीतिक रूप से भुनाने की हरसंभव कोशिश करेगी और उन्हें महिला हित विरोधी करार देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कांग्रेस कुछ भी दावा करे, सच यह है कि उसकी बुनियाद कमजोर होती जा रही है। उसके पास इतनी सामर्थ्य नहीं और न ही उसका संगठन ऐसा है कि वह प्रस्तावित 816 सीटों पर सक्षम प्रत्याशी खड़े कर पाती और उन्हें सही से चुनाव लड़ा पाती। ध्यान रहे उसके मुकाबले भाजपा का संगठन कहीं अधिक सशक्त है। जब महिला आरक्षण लागू कराने के लिए विशेष सत्र बुलाने का फैसला किया गया होगा, तब मोदी सरकार को यह आभास अवश्य रहा होगा कि विपक्षी दल बाधा खड़ी करेंगे। सरकार इसके संभावित परिणामों का सामना करने के लिए तैयार होगी, अन्यथा वह जोखिम नहीं उठाती। उसने यह जोखिम इसीलिए उठाया ताकि नाकामी की स्थिति में उसे विपक्ष के खिलाफ नैरेटिव बनाने में आसानी हो। विपक्ष ने उसे यह मौका खुद ही दे दिया।

नि:संदेह महिलाओं के राजनीति में आने से राजनीतिक एवं प्रशासनिक स्तर पर सुधार होता। वैसे भी पंचायतों में उनकी भागीदारी से माहौल बदला है। प्रधान और पंचायत प्रमुख के रूप में वे बेहतर काम कर रही हैं।

# संघर्ष के दौर में ऊर्जा

वहीं वैश्विक उर्वरक आपूर्ति में आसन्न कमी से किसानों पर भारी मार पड़ने की आशंका है- वे जो पहले से ही जलवायु परिवर्तन से प्रेरित चरम मौसम और विकृत वैश्विक खाद्य कीमतों से जूझ रहे हैं। कुल मिलाकर, दुनिया घुटनों पर है- पसंद से नहीं, बल्कि ईरान के खिलाफ इस संवेदनहीन अमेरिका-इजरायल संघर्ष के प्रति अपनी डरपोक और दयनीय प्रतिक्रिया के कारण। नियम-आधारित व्यवस्था और उसकी सारी नैतिकता तार-तार हो चुकी है। यह हमारे सामने सवाल छोड़ता है कि इस झटके का ऊर्जा पर क्या प्रभाव पड़ेगा? इस अशोभनीय संघर्ष से पहले भी दुनिया ऊर्जा संक्रमण के बीच में थी-बिजली के लिए कोयले को लगातार नवीकरणीय ऊर्जा से बदलना और वाहनों में पेट्रोल और डीजल के उपयोग को विस्थापित करना। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी की मार्च 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के अंत तक,

ईरान के खिलाफ विनाशकारी अमेरिका-इजरायल संघर्ष ने दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति को बाधित कर दिया है। अमीर और गरीब दोनों तरह के देशों की सरकारें अपने लोगों को आने वाले भीषण समय के बारे में सचेत कर रही हैं, जैसा इस पीढ़ी ने पहले कभी नहीं देखा। ऊर्जा/ईंधन की अविश्वसनीय कमी, राशनिंग और यहां तक कि कारों और हवाई जहाजों के ईंधन खत्म होने की आशंका। सवाल यह है कि भविष्य का ऊर्जा मानचित्र कैसा दिखेगा? जैसा कि मैं यह पूछ रही हूं, मैं आपसे अनुरोध करूंगी कि उन हत्याओं, हजारों जानों के नुकसान और उस संवेदनहीन विनाश को हल्के में न लें जिसे हम अपनी स्क्रीन पर देखते हैं। इस ऊर्जा व्यवधान द्वारा दुनिया में लाए गए वास्तविक दर्द को भी कम करके न आंकें। कई देश रसोई ईंधन (एलपीजी) की कमी का सामना कर रहे हैं, और परिवार इसे किसी भी कीमत पर हासिल करने के लिए अपनी आय का बड़ा हिस्सा खर्च कर रहे हैं। ईंधन स्टेशनों पर लंबी कतारें सामान्य हो रही हैं- जो फिर से उन लागतों को बढ़ा रही हैं जिन्हें लोग मुश्किल से वहन कर सकते हैं। ज्यादातर देशों में, विशेष रूप से हमारी दुनिया में, ईंधन आयात व्यापार घाटे पर सबसे अधिक भार है और इस स्थिति में, तेल की बढ़ती कीमतों का अर्थव्यवस्थाओं पर अपंग कर देने वाला प्रभाव पड़ता है। वहीं वैश्विक उर्वरक आपूर्ति में आसन्न कमी से किसानों पर भारी मार पड़ने की आशंका है- वे जो पहले से ही जलवायु परिवर्तन से प्रेरित चरम मौसम और विकृत वैश्विक खाद्य कीमतों से जूझ रहे हैं। कुल मिलाकर, दुनिया घुटनों पर है- पसंद से नहीं, बल्कि ईरान के खिलाफ इस संवेदनहीन अमेरिका-इजरायल संघर्ष के प्रति अपनी डरपोक और दयनीय प्रतिक्रिया के कारण। नियम-आधारित व्यवस्था और उसकी सारी नैतिकता तार-तार हो चुकी है। यह हमारे सामने सवाल छोड़ता है कि इस झटके का ऊर्जा पर क्या प्रभाव पड़ेगा? इस अशोभनीय संघर्ष से पहले भी दुनिया ऊर्जा संक्रमण के बीच में थी-बिजली के लिए



कोयले को लगातार नवीकरणीय ऊर्जा से बदलना और वाहनों में पेट्रोल और डीजल के उपयोग को विस्थापित करना। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी की मार्च 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के अंत तक, दुनिया की स्थापित बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत थी। दिलचस्प बात यह है कि यह ऊर्जा संक्रमण केवल वहां नहीं हो रहा था जहां उम्मीद की जा सकती थी-जैसे चीन या यूरोप। थिंक टैंक 'एंबर' की एक रिपोर्ट में पाया गया कि 74 सबसे जलवायु-संवेदनशील देश 'इलेक्ट्रो-टेक' को तेजी से अपना रहे थे, इसलिए नहीं कि वे जलवायु परिवर्तन के प्रति चिंतित थे, बल्कि इसलिए कि यह तेज, सस्ता और अधिक विश्वसनीय था। ये देश जीवाश्म ईंधन को छोड़कर सीधे नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ सकते हैं। रिपोर्ट कहती है, 'सौर उत्पादन में नामीबिया और टोगो, बैटरी बिक्री में जार्डन और किर्गिस्तान, और ईवी अपनाने में नेपाल और श्रीलंका आगे हैं।' वर्तमान व्यवधान ने ऊर्जा आयात की लागत बढ़ा दी है और देशों को ऊर्जा सुरक्षा की आवश्यकता के प्रति जागरूक कर दिया है। तेल और गैस के बाजारों को हासिल करने के लिए फिर से होड़ मची है। यह देशों को अपने स्वयं के संसाधनों- कोयला से लेकर चारकोल तक- का अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित कर सकता है, जो दोनों ही प्रदूषणकारी हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक प्रवाह का लगभग 20 प्रतिशत बाधित हुआ है। इसका मतलब यह हो सकता है कि सस्ते और प्रचुर मात्रा में जीवाश्म ईंधन का समय समाप्त हो गया है। अब स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण का तर्क राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा में निहित होगा। जैसा कि मैं यह लिख रही हूं, मुझे दुख के साथ स्वीकार करना चाहिए कि भविष्य आसान नहीं होने वाला है।

# युद्धविराम पर संशय

ईरान के विदेश मंत्री की ओर से होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने की घोषणा को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि ईरानी सेना ने उस पर फिर से अपना पहरा बैठाने का फैसला कर लिया। उसने इस कारण होर्मुज को फिर से बंद करने का फैसला किया, क्योंकि अमेरिका ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी जारी रखने पर अड़ा है। साफ है कि पश्चिम एशिया संकट के मामले में कभी ईरान अपनी जिद पर अड़ता है तो कभी अमेरिका। जब युद्धविराम की शर्तों के तहत होर्मुज खोलने पर सहमति बन गई थी और उसका दायरा लेबनान तक प्रभावी हो जाने के बाद ईरान ने इस समुद्री मार्ग को पूरी तरह खोलने की घोषणा कर दी थी तो फिर अमेरिका को भी ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी करने के अपने फैसले से पीछे हट जाना चाहिए था। तब तो और भी, जब अमेरिकी



राष्ट्रपति ने ईरान के फैसले का स्वागत किया और दोनों देश दूसरे दौर की शांति वार्ता करने की संभावनाएं भी टटोल रहे हैं। यह अमेरिका और ईरान के साथ पश्चिम एशिया के लिए ही आवश्यक नहीं है कि दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम को स्थायी रूप दिया जाए, बल्कि विश्व समुदाय के लिए भी आवश्यक है, क्योंकि होर्मुज के बाधित होने के कारण विश्व भर में ऊर्जा संकट गहरा रहा है। वैसे तो इस समुद्री मार्ग के बाधित होने से सबसे अधिक भारत और अन्य एशियाई देश प्रभावित होते हैं, लेकिन इस मार्ग से तेल और गैस की आपूर्ति में कमी आने के नतीजे में उनके दाम बढ़ने का असर पूरे विश्व पर पड़ता है। यह ठीक है कि अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने की अनुमति एक माह के लिए और बढ़ा दी, लेकिन आखिर वह यह तय करने वाला होता कौन है कि किस देश से तेल-गैस खरीदा जा सकता है? अमेरिका अपने स्वार्थों के चलते किसी न किसी ऊर्जा संपन्न देश पर प्रतिबंध लगाता ही रहता है। ईरान, वेनेजुएला और रूस इसके उदाहरण हैं। इसके दुष्परिणाम संबंधित देश के साथ अन्य देश भी भोगते हैं। अमेरिका यह जो मनमानी करता है, उसे चुनौती दी जानी आवश्यक है। यह अच्छा है कि भारत रूस से तेल खरीद मामले में अमेरिका के रवैये की परवाह नहीं कर रहा है। भारत को न केवल अपने ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाने चाहिए, बल्कि खुद को आर्थिक रूप से इतना सक्षम भी बनाना चाहिए कि अमेरिका किसी तरह का अनुचित दबाव न डालने पाए।

अमेरिका और ईरान के बीच लागू अस्थायी युद्धविराम की अवधि जैसे-जैसे करीब आ रही है, उसके स्थायी रूप लेने पर वैसे-वैसे संशय बढ़ रहा है। इस नाजुक युद्धविराम को देखते हुए भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए और अधिक सक्रियता दिखानी होगी।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
20 अप्रैल, 2026


## पूर्व सांसद व पत्रकार के निधन पर शोक

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने पूर्व सांसद, पत्रकार व वरिष्ठ भाजपा नेता के निधन पर शोक व्यक्त किया है । ढूकिया ने कहा कि बलबीर पुंज के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद और स्तब्ध करने वाला है। वह प्रखर राष्ट्रवाद, सशक्त वैचारिकता और निर्भीक लेखनी के प्रतीक थे। उन्होंने अपने विचारों और लेखों के माध्यम से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज को दिशा देने का कार्य किया। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। उनका निधन राजनीतिक, सामाजिक और पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों एवं उनके समर्थकों को यह असीम दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। भाजपा नेता दिनेश धाभाई ने भी बलबीर पुंज के निधन के समाचार को अत्यंत दुखद बताया और कहा कि उन्होंने अपने विचारों, लेखनी और सार्वजनिक जीवन के माध्यम से राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा। उनकी स्पष्ट सोच और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य व संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इसी तरह भाजपा नेता संदीप शर्मा एवं सुनील सैनी सहित कई नेताओं ने बलबीर पुंज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## अणगासरिया के अध्यक्ष बनने पर किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित कुम्हार छात्रावास में रविवार को डीड राईटर व स्टाम्प वेंडर संगठन के अध्यक्ष पद पर रामवातार अणगासरिया के निर्वाचित होने पर कुम्हार कर्मचारी व समाज सेवा समिति झुंझुनू की ओर से उन्हें साफा पहनाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष हरिराम दादरवाल, सचिव पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, संगठन मंत्री विनोद कुमार, सीए महेन्द्र कुमार, लेखाकार विरेन्द्र सिंह दादरवाल, प्रधानाचार्य हरि कुमावत, भाजपा पूर्व जिला मंत्री महेन्द्र चंदवा, ओमप्रकाश कुमासिया, श्रीचन्द, सुनिल दादरवाल, दान मशीनरी परसाराम, राजू ठेकेदार, सुरेन्द्र ठेकेदार, मोहन ठेकेदार, प्रवीण किरोड़ीवाल, सुनिल दादरवाल, प्रकाश, सुभाष चन्द्र और रोहिताश गोवला, अशोक पार्षद, गोविन्द प्रजापत, राजेन्द्र सनोदिया उपस्थित रहे।

## गोरिसरियो की ढाणी में पेयजल संकट खत्म: ट्यूबवेल निर्माण पूरा, मोहल्लेवासियों ने जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के गोरिसरियो की ढाणी में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान आखिरकार हो गया है। मोहल्लेवासियों की मांग पर यहां ट्यूबवेल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। भाजपा शहर मंडल की उपाध्यक्ष सरिता प्रजापत ने बताया कि करीब दो माह पहले मोहल्ले के लोगों की समस्या को पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के संज्ञान में लाया गया था। इस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग को ट्यूबवेल निर्माण के निर्देश दिए थे, जिसका कार्य अब पूरा हो चुका है। ट्यूबवेल तैयार होने पर मोहल्ले के लोगों ने पूजा-अर्चना कर खुशी जाहिर की और पूर्व विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिनेश महर्षि ने दूरभाष पर मोहल्लेवासियों से बातचीत कर शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे हमेशा क्षेत्र की सेवा के लिए तत्पर हैं तथा आगे भी जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर मूलचंद लुहानिवाल, ताराचंद गढ़वाल, रतनलाल पुजारी, लालचंद घोड़ेला, प्रेमलता, सरोज, अलका, मीरा, संतोष, मनोज, द्रोपदी, मैना, पार्वती, डोली, कांता, गोमती सहित अनेक मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## नशे के नेटवर्क में पुलिस ने लगाई सेंध:दो मुख्य सप्लायर गिरफ्तार, अब और खुलेंगे राज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा थाना पुलिस ने नशे के काले कारोबार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अफीम तस्करी के नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ते हुए उन दो मुख्य सप्लायरों को दबोच लिया है, जो जिले में नशे की बड़ी खेप खपा रहे थे। मण्डावा थानाधिकारी रामनारायण चोयल के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई ने तस्करों के पूरे इकोसिस्टम सेंध लगा दी है। थानाधिकारी रामनारायण चोयल ने बताया कि पुलिस अब 'बैकवर्ड लिंकेज' खंगाल रही है। मुख्य सवाल यह है कि ये सप्लायर अफीम की इतनी बड़ी खेप कहाँ से लाते थे? पुलिस का मानना है कि इन दोनों से पूछताछ में जिले के कई और सफेदपोश तस्करों के नाम सामने आ सकते हैं। पुलिस की गिरफ्त में आए ये दोनों सप्लायर कम उम्र में ही नशे के इस बड़े कारोबार को ऑपरेट कर रहे थे। बेबीचन्द (28 वर्ष) पुत्र रामनाथ जाट, निवासी मोडसरा का बास (थाना मण्डावा) और पंकज कुमार (27 वर्ष): पुत्र नरेन्द्र कुमार जाट, निवासी भूरासर का बास थाना सदर है। धनूरी थाना पुलिस ने 13 अप्रैल को एक कार्रवाई की। धनूरी पुलिस ने पंकज कुमार को 522 ग्राम अफीम और एक ईको कार के साथ पकड़ा। कड़ी पूछताछ में पंकज ने राज उगला कि उसे यह अफीम मण्डावा के बेबीचन्द ने दी थी। पुलिस ने बेबीचन्द को गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह सदर थाना पुलिस ने 14 अप्रैल 2026 को नरेन्द्र कुमार को 147 ग्राम अफीम के साथ पकड़ा। नरेन्द्र ने कुबूल किया कि उसको माल सप्लाई करने वाला भूरासर का बास निवासी पंकज कुमार है। मण्डावा पुलिस ने घेराबंदी कर सप्लायर पंकज कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामनारायण चोयल ने बताया कि दोनों गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रहे, इनसे झुंझुनूं के बड़े नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है।

## फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू, सटीक डाटा संग्रहण पर जोर

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** जनगणना-2027 के तहत फील्ड ट्रेनर्स का प्रथम तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार से जिला परिषद सभागार में शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त जिला कलेक्टर व जिला जनगणना अधिकारी अजय कुमार आर्य ने किया। उद्घाटन सत्र में एडीएम आर्य ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स को गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित डाटा संग्रहण के लिए प्रेरित किया, ताकि वास्तविक आंकड़ों के आधार पर योजनाएं बनाई जा सकें। 18 से 20 अप्रैल तक आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले की विभिन्न तहसीलों और नगर निकायों से आए फील्ड ट्रेनर्स को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक (कार्यवाहक) विकास भांबू ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स मोतीलाल आलडिया व नवीन कुमार सैनी की ओर से प्रतिभागियों को जनगणना कार्य की प्रक्रियाएं, डेटा संकलन तकनीक और व्यवहारिक पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर जनगणना निदेशालय, जयपुर से आए जिला समन्वयक सुभाष यादव ने भी फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण की रूपरेखा व आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड में आने वाली चुनौतियों, उनके समाधान और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है, ताकि जनगणना-2027 को सफल व प्रभावी बनाया जा सके।

## झेरली गौशाला अग्निकांड: पीड़ित परिवार को डॉ. मधुसूदन मालानी ने दी राहत

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिले के पिलानी क्षेत्र के झेरली गांव में हुए भीषण गौशाला अग्निकांड के बाद जहां पूरे गांव में शोक और मायूसी का माहौल है, वहीं संकट की इस घड़ी में जनसेवक एवं भामाशाह डॉ. मधुसूदन मालानी पीड़ित परिवार के लिए सहारा बनकर सामने आए। उन्होंने मौके पर पहुंचकर न सिर्फ पीड़ितों को ढांढस बंधाया, बल्कि आर्थिक मदद देकर बड़ी राहत भी प्रदान की। शनिवार रात हुए इस दर्दनाक हादसे में गैस सिलेंडर ब्लास्ट के कारण गौशाला में भीषण आग लग गई थी, जिसमें 5 गायों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे की भयावहता ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। गौशाला में रह रहे परिवार–जिसमें दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं–ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लकड़ी की छत होने के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इसी दौरान सिलेंडर में जोरदार धमाका हो गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। आग की चपेट में आकर पूरी गौशाला तहस-नहस हो गई और बंधी हुई गायों को बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलते ही ग्रामीणों, गौरक्षकों और फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे की जानकारी मिलते ही डॉ. मधुसूदन मालानी तुरंत झेरली गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित गौशाला संचालक योगेश समदर्शी से मुलाकात कर उनका हाल जाना और उन्हें हिम्मत बंधाई। इस दौरान परिवार का दर्द छलक पड़ा और माहौल भावुक हो गया। मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए डॉ. मधुसूदन मालानी ने गौशाला के पुनर्निर्माण के लिए 2 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक भेंट किया। उनकी इस पहल से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली और उन्होंने भावुक होकर उनका आभार जताया। गांव के लोगों ने भी इस कठिन समय में आगे आकर मदद करने के लिए डॉ. मालानी की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे संकट के समय में इस तरह का सहयोग पीड़ित परिवार के लिए संबल का काम करता है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे झेरली गांव में शोक की लहर है, लेकिन राहत की बात यह है कि समाज के लोग और जनप्रतिनिधि आगे आकर पीड़ित परिवार को संभालने में जुटे हैं।

## शव की शिनाख्त: ऑटो चालक निकला मृतक

**जयपुर टाइम्स/सरदारशहर(निस)।** शहर के गिड़गिचिया रोड पर बीहड़ में शनिवार शाम शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। मौके पर पुलिस जाप्ते के साथ थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था। शव दो-तीन दिन पुराना लग रहा था और शव के पास कीटनाशक दवाई भी मिली थी। वहीं पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के बाद रविवार को मृतक के पिता की रिपोर्ट पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। एएसआई प्रदीप कुमार मीणा ने बताया कि वार्ड 24 निवासी रफीक तेली ने रिपोर्ट देकर बताया है कि मेरा 35 वर्षीय पुत्र फारूक तेली जो ऑटो चलाता था। मेरे पुत्र फारूक की पत्नी जो लगातार बीमार रहती है। जिसके चलते फारूक मानसिक रूप से परेशान रहता था। फारूक 16 अप्रैल को सुबह घर से ऑटो लेकर निकला था। जिसके बाद वह वापस घर नहीं आया। हमने फारूक की इधर-उधर तलाश भी की थी। शनिवार शाम को फारूक का शव सन्दिग्ध अवस्था में सरदारशहर के गिड़गिचिया रोड के पास मिला था। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दुर्घटना में दो युवक घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शनिवार शाम को छापर चाड़वास के बीच सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए, जिनको को 108 से सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया। घायल युवक राहुल पुत्र रामस्वरूप बावरी उम्र 14 वर्ष तथा गंभीर रवि पुत्र मनोज बावरी उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी बीदासर हैं। जानकारी के मुताबिक उक्त युवक सुजानगढ़ से मोटरसाइकिल की सर्विस कराकर वापिस बीदासर लौट रहे थे कि सामने से आ रही पिक अप से टक्कर हो गई।

### पुष्कर बस हादसा- विधानसभा अध्यक्ष ने ली जानकारी, राहत एवं उपचार के दिए निर्देश


**जयपुर(का.सं.)।** , विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्कर घाटी में रविवार को हुए बस हादसे को लेकर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल से दूरभाष पर चर्चा कर हादसे की स्थिति, घायलों की संख्या, उपचार व्यवस्थाओं तथा राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को तत्काल एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा चिकित्सा सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रहें। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दवाइयों, चिकित्सकीय उपकरणों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक घायल को बेहतर उपचार मिल सके। विधानसभा अध्यक्ष ने पीड़ितों एवं उनके परिजनों को हर संभव राहत प्रदान करने के निर्देश देते हुए संवेदनशीलता के साथ सहायता कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही, भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु पुष्कर घाटी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, ट्रैफिक नियंत्रण के प्रभावी उपाय लागू करने एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


**Name Change**

I, Ramniwas Giri S/o Shri Hans Gir, resident of Dhani Dudgir, Tehsil Sardarshahar, District Churu (Rajasthan), hereby declare that my name appears as "Ramniwas Giri S/o Hans Gir" in my documents and as "Ramniwas S/o Hans Giri" in my passport, both referring to me.I request correction of my passport to "Ramniwas Giri S/o Hans Gir", mother's name "Kiran Devi", and village "Dhani Dudgir".I affirm that the above statement is true and I bear full responsibility.


## सिरफिरे युवक ने तोड़े गाड़ियों के शीशे, दुकानों के ताले

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एक सिरफिरे युवक ने शहर की स्टेशन रोड पर खड़ी कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। युवक ने राठी हॉस्पिटल के सामने, एसजी मार्ट के पास और स्टेशन रोड के पीछे वाली रोड पर खड़ी 6 गाड़ियों के शीशे तोड़े हैं। कई जगह घटना के सीसीटीवी सामने आए हैं, जिनमें युवक गाड़ी के नट खोलने वाला पाना हाथ में लिए नजर आ रहा है। मेडिकल व्यवसाई अनिल शर्मा ने बताया कि शनिवार की रात उन्होंने अपनी गाड़ी राठी हॉस्पिटल के सामने खड़ी की थी। रविवार की सुबह युवक ने उनकी और उसके पीछे खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। इसी तरह सिरफिरे युवक ने दीवार फांदकर डॉक्टर शशिकांत के घर खड़ी गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए। युवक ने सिटी सेंटर में दुकानों के ताले तोड़ने की कोशिश भी की। जानकारी के अनुसार युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं है। उसने रविवार की सुबह 4 से 6 बजे के बीच सारी घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस युवक की तलाश कर रही है।


**Office Gram Panchayat Guhala, P.S. Neem Ka Thana (Sikar)**

Sr. No: 38 Date: 18/04/2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for VB GRAMG (MGNAREGA) and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material & Providing Equipment for F.Y. 2026-27 Gram Panchayat Guhala, P.S. Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 20.04.2026, 09:00 AM to 29.04.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS - 50,00,000/-.

UBN No. - PIQ2627GLRC00031.

प्रशासक
ग्राम पंचायत गुहाला
पं. स. नीमकाथाना (सीकर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गुहाला
पं. स. नीमकाथाना (सीकर)



**Office Gram Panchayat Basdi Khurd, P.S. Neem Ka Thana (Sikar)**

Sr. No : 73 Date: 18/04/2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for MGNAREGA and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material & Providing Equipment for F.Y. 2026-27 Gram Panchayat Basdi Khurd, P.S. Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 13.04.2026, 09:00 AM to 23.04.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement (http:// eproc. rajasthan.gov.in http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS - 40,00,000/-.

UBN No. - PIQ2627GLRC00022.

प्रशासक
ग्राम पंचायत बासड़ी खुर्द
पं. स. नीमकाथाना (सीकर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बासड़ी खुर्द
पं. स. नीमकाथाना (सीकर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत कातर छोटी, पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांक:- ग्रा.पं./खु.नि./2026-27/14-21 दिनांक: 18.04.2026

**खुली निविदा सूचना संख्या 02/2026-27**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कातर छोटी पंचायत समिति बीदासर (चूरू) में स्वीकृत निम्नकार्यों को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र/ फार्म में दिनांक 18.04.2026 समय दोपहर 12:00 पी. एम. बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रुपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 01 | सार्वजनिक जलकुण्ड का नाय पायतन निर्माण कार्य मय प्रोटेक्शन वाल उदकतलाई स्कूल के पास कातर छोटी | 465009 | 9300 |
| 02 | आगनबाडी केन्द्र की चार दिवारी निर्माण कार्य कातर बड़ी | 166760 | 3336 |
| 03 | गट्टा निर्माण कार्य अमृतसरोवर उदक तलाई कातर छोटी | 100000 | 2000 |
| 04 | हयूम पाईप लाईन डालना रा.उ.मा.वि. से जलग्रहण कूप तक कातर बड़ी | 238785 | 4800 |

उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 27.04.2026 समय 11:00 ए.एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तों की प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 27.04.2026समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 27.04.2026 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्ते कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृतविवरण http//sppp.rajasthan.gov.in पर NIBNo ZCR2627A0100 UBNN ZCR2627WSOB00153, ZCR2627WSOB00154, ZCR2627 WSOB 00156, ZCR2627WSOB00157 तक पर से Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत कातर छोटी,
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कातर छोटी,
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

# गूंजे जय परशुराम के जयकारे: जयंती पर निकाली शोभायात्रा


बीदासर।


राजलदेसर।


मण्डावा।



सरदारशहर।


धौलपुर।


झुंझुनूं।


सरदारशहर।


सुजानगढ़।



सांगानेर।

जयपुर टाइम्स

**बीदासर।** कस्बे के वार्ड नंबर 06 स्थित परशुराम भवन में रविवार को विप्रजनों की ओर से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर महाआरती संपन्न करवाई। कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई। समाज के संरक्षक फुसराज गौड़ ने बताया कि आगामी रविवार को समाज की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस आयोजन में मनोज शर्मा, महेश शर्मा, डॉ. सिद्धार्थ जोशी, डुगरमल शर्मा, संतोष कुमार चोटिया, घनश्याम शर्मा, नरेश सारस्वत, अशोक शर्मा, बबलू शर्मा, पंकज सारस्वत सहित ब्राह्मण समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**राजलदेसर।** कस्बे के देवनगर ढाणी बास स्थित श्री अंजनी माता महावीर हनुमान मंदिर प्रांगण में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भगवान परशुराम की प्रतिमा को पुष्पमालाओं से सुसज्जित किया गया और पं. किशन शर्मा ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा, जब तुलसीराम पाण्डे ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की सुरमयी धुनों पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और श्रद्धा में लीन नजर आए। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भगवान विष्णु के छठे अवतार थे, जिन्होंने अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष कर धर्म की स्थापना की। उनका जीवन तप, त्याग, शौर्य और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने समाज को यह संदेश दिया कि सत्य और धर्म की रक्षा के लिए सदैव सजग और साहसी रहना चाहिए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि भगवान परशुराम केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि महान तपस्वी और आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे, जिनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं। कार्यक्रम में खेमराज पारीक, हरी प्रसाद पारीक,भुवनेश्वर शर्मा, राधेश्याम पारीक, एडवोकेट कपील पारीक, संतलाल पारीक, सौरभ पारीक, एडवोकेट विकास शर्मा, एडवोकेट ललित किशोर शर्मा, धनपत शर्मा, पवन पारीक, मनोज पारीक (पुजारी), कमल पारीक, सक्षम पारीक, लालचंद शर्मा, ऋषभ, गौतम, महेश, पंकज पारीक सहित अनेक विप्रजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और समाज में सद्भाव, नैतिकता एवं धर्म की स्थापना के लिए प्रेरित होने का संदेश दिया।

**मण्डावा।** मुकुन्दगढ मार्ग स्थित कामधेनू गौशाला परिसर में रविवार को अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन विभाग के सेनि उप निदेशक डा. राधारमण शर्मा की, जिसमें भगवान परशुराम के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। भाजपा नेता संदीप शर्मा ने भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार बताते हुए उनके जीवन के


रतनगढ़।

विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऋषि जमदग्नि और माता रोहिणी के पुत्र परशुराम शस्त्र और शास्त्र के श्रेष्ठ ज्ञाता थे, जिन्होंने भगवान शिव से शिक्षा ग्रहण की थी। भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य और कर्ण जैसे महान धनुर्धर उनके शिष्य थे। उन्होंने कि भगवान परशुराम हमेशा अधर्म के विरुद्ध शस्त्र उठाते थे। शिव धनुष भंग होने पर भगवान राम से मिलने के बाद, उन्होंने अपनी लीला समेटकर महेंद्र पर्वत पर तपस्या करने चले गए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षाविद्द सुभाष चन्द्र बावलिया ने कहा कि भगवान परशुराम अजर-अमर देवता हैं और आज भी महेंद्र पर्वत की गुप्त गुफा में तपस्या कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कलियुग के अंत में जब भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का अवतरण होगा, तब उन्हें शस्त्र-शास्त्र की शिक्षा भगवान परशुराम की ओर से ही दी जाएगी। विप्रजानों ने वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों में परशुराम के वंशजों को एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यूजीसी कानून और बीएचयू में जाति पूछकर पीटने जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज संगठित होकर ही इसका सही प्रतिकार कर सकता है। अक्षय तृतीया के अवसर पर यह आह्वान किया गया कि परशुराम के वंशजों को संगठित होकर संपूर्ण समाज का नेतृत्व करना होगा। आरम्भ में भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना कर गोवंश को गुड खिलाया गया। इस दौरान बलदेव थलिया, नरेश मिश्रा, नवल किशोर, भरत, प्रकाश स्वामी, गोपाल, हिमांशु,राकेश स्वामी, पंकज पशुपति, सुरेन्द्र सुरोलिया, सत्यनारायण इंदौरिया, अनूप शर्मा, अंकित शर्मा, कैलाश शर्मा, रवि मिश्रा, बाबूलाल, पवन, सुरेन्द्र शर्मा, बाबू माथुर, करण शर्मा, पंकज पालड़ीवाला, सुभाष बावलिया, पवन जोशी, रविंद्र शर्मा सहित अनेक विप्रबंधु उपस्थित रहे।

**सरदारशहर।** शहर के गोड़ विप्र महासभा के तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विप्र समाज के लोगों की उल्लेखनीय व उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के जयघोष एवं विधिवत पूजन के साथ हुआ। पंडित कैलाश चौमाल की ओर से किए गए वैदिक मंत्रोच्चार से सम्पूर्ण परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान हो उठा। आयोजन ऋषिकुल आश्रम के अध्यक्ष हुलासमल व्यास के मुख्य आतिथ्य व श्यामलाल गिल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मंच पर डॉ महेंद्र शर्मा, राजीव भोजक, किशन सारस्वत, जगदीश शर्मा व गोपीराम बोचीवाल सहित गणमान्य अतिथि विराजमान रहे। मुख्य वक्ता सुनील हरितवाल ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में भगवान परशुराम के आदर्शों, उनके पराक्रम एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। वहीं विप्र फाउंडेशन के स्थानीय अध्यक्ष डॉ महेंद्र शर्मा ने जयंती के अंतर्गत आयोजित होने वाले अष्ट दिवसीय कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए समाजबंधुओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में मदनलाल बबेरवाल, अशोक गोड़, महेंद्र देरासरी, जगदीश शर्मा, राजीव भोजक, प्रदीप दीक्षित, शंकर उपाध्याय, श्यामलाल गिल व प्रवीण शर्मा सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए ब्राह्मण समाज की वर्तमान चुनौतियों, कुरीतियों के उन्मूलन व सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि हुलासमल व्यास ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि ब्राह्मण कोई मात्र जाति नहीं, बल्कि एक महान विचार, संस्कार और ज्ञान की ज्योति है। जिसने युगों से समाज को दिशा प्रदान की है। विचारों को कभी समाप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए एकजुटता, शिक्षा एवं जागरूकता को सबसे बड़ा शस्त्र बताया। उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श को अपनाते हुए समाज को और अधिक सशक्त व संगठित बनने का आह्वान किया। युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने कहा कि विप्र फाउंडेशन सदैव शोषित, पीड़ित व जरूरतमंद ब्राह्मण समाज के साथ खड़ा है और अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी पवन चोटिया राजकुमार गोड़, कमलकांत शर्मा, राजेंद्र तिवाड़ी, नरेंद्र राजपुरोहित, मांगीलाल सेवड़ा, डॉ पवन महर्षि, अभिषेक पारीक, राम निरंजन शर्मा, सुशील गुजरगोड़, किशनलाल, मयंक शर्मा, पं. कैलाश चौमाल, सुरेंद्र शर्मा, मनोज गोड़, मांगीलाल नाथोलिया सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन महेंद्र देरासरी ने किया।

**सरदारशहर।** शहर में अक्षय तृतीया के पावन पर्व व भगवान परशुराम जन्मोत्सव दिवस के उपलक्ष में श्री राम मंदिर टांटिया कुआं में सर्व समाज ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की व भव्य आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं की ओर से भगवान राम व भगवान शिव की पूजा अर्चना व आरती की। सभी भक्त हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम के भागीदार बने व सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम उपरांत सभी को पंडित आदित्य नाथोलिया ने प्रसाद वितरित किया। पूजा अर्चना के बाद ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन व सर्व समाज की ओर से राजकीय उप जिला चिकित्सालय, नगरपरिषद, पोस्ट ऑफिस, श्री राम मंदिर व बाबेल चौक इन चारों स्थानों पर ठंडा पेयजल की व्यवस्था की गई। जिसमें सर्व समाज की भागीदारी रही। कार्यक्रम में पंडित सुरेंद्र शर्मा, सुभाष इंदौरिया, वरुण शर्मा, दिनेश शर्मा, यश धर्ड, हनुमान शर्मा, कन्हैयालाल नाथोलिया, ओम प्रकाश शर्मा, विपुल शर्मा, नारायण लाटा, धर्मचंद पांडिया, गौतम शर्मा, सुमित शर्मा, प्रमोद जैसनसरिया, श्रीचंद दुगड़, नरसिंह पांडिया, रायचंद जोशी, शिक्षिका भगवती शर्मा, गायत्री नाथोलिया, कंचन शर्मा, ममता शर्मा, कलावती पांडिया, रचना पांडिया, दीपिका शर्मा, ज्योति शर्मा, सुशीला करनाणी, शारदा पारीक, द्रौपदी दुगड़, वंदना भोजक, ज्योति भोजक आदि अनेक नारी शक्ति व सर्व समाज की उपस्थिति रही।

**धौलपुर।** परशुराम धर्मशाला के अंदरधूमधाम से हवन पूजन के साथ मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव राजाखेड़ा कस्बे में रविवार को अक्षय तृतीया के पर्व और भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम के साथ हवन पूजन कर मनाया गया। राजाखेड़ा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पवन उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव राजाखेड़ा ब्राह्मण समाज हर्षोल्लास के साथ मनाता रहा है और प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी राजाखेड़ा परशुराम धर्मशाला में हवन पूजन का कार्यक्रम रख कर समाज के बंधु पति-पत्नीजोड़े के साथ व स्वयं हवन पूजन कर पूजा पाठ किया गया। अंत में इष्ट देव भगवान परशुराम की महाआरती की गई जिसमें हवन करने वालों के अलावा सभी अन्य विप्र बन्धुओं ने भी भगवान परशुराम की आरती में बढ़चढकर हिस्सा लिया। परशुराम सेवा समिति राजाखेड़ा के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता दिलीप पाराशर ने बताया कि भगवान परशुराम किसी जाति विशेष के नहीं हैं वो भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे वो सर्व समाज के आराध्य देव थे, आज भी और रहेंगे। राजाखेड़ा में प्रतिवर्ष विप्रबंधु विधि विधान के साथ हवन पूजन कर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाते है। इस दौरान कैलाश चिहार, कालीचरण मुद्गल, मधुसूदन शर्मा, गौरीशंकर उपाध्याय, दिलीप पाराशर, सुनील कौशिक, प्रदीप उपाध्याय भीकाराम उदैनिया, विवेक मुद्गल, राम खिलाड़ी पाराशर, शशिकांत दीक्षित अशोक पाराशर सहित सैकड़ों विप्र बंधु मौजूद रहे।

**झुंझुनूं।** भगवान विष्णु के छठे अवतार, शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम जी की जयंती के अवसर पर रविवार को झुंझुनूं शहर में श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय कर दिया। ?शोभायात्रा का शुभारंभ शहर के चूणा चौक से हुआ। पारंपरिक वेशभूषा, केसरिया साफे और हाथों में फरसा लिए श्रद्धालु भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई फौज का मौहल्ला स्थित भगवान परशुराम मंदिर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने पर माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। मंदिर परिसर में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। ?इस अवसर पर झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने शिरकत की। विधायक भांबू ने भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर नमन किया और शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। विधायक राजेंद्र भांबू ने भगवान परशुराम के आदर्शों को प्रासंगिक बताते हुए कहा भगवान परशुराम हम सभी के आराध्य देव है। भगवान परशुराम एक महान योद्धा और ऋषि थे, जिन्होंने अधर्म पर धर्म की विजय का मार्ग प्रशस्त किया। वे दानवीर कर्ण और पितामह भीष्म जैसे महापुरुषों के गुरु भी रहे।

**सुजानगढ़।** स्थानीय दुलिया बास स्थित परशुराम भवन में श्रीपरशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष पर भगवान श्री परशुराम का पूजन अभिषेक और महाआरती श्री खांडल विप्र समिति सुजानगढ़ के तत्वावधान में आयोजित हुई। समिति के मंत्री विनय माटोलिया ने बताया कि पंडित जगदीशप्रसाद काछवाल, पंडित पवनकुमार चोटिया के आचार्यत्व में समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप माटोलिया ने सपत्नीक परशुराम जी का पूजन-अभिषेक किया। समाज के पदाधिकारियों और विप्र जनों ने भगवान की एक स्वर में महाआरती की। कार्यक्रम में हरिप्रसाद चोटिया, विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश सुंदरिया, संरक्षक प्रहलादनारायण माटोलिया, डा.राजेंद्र प्रसाद जोशी, मदनलाल माटोलिया, परमेश्वरलाल चोटिया, मनोज नवहाल, लक्ष्मीनिवास काछवाल, रामनिवास माटोलिया, सीताराम बोचीवाल, युवा मंडल अध्यक्ष आशीष चोटिया, राकेश काछवाल, नवरतन बोचीवाल, कमल शर्मा, पवन झिकनाड़िया, सुमित शर्मा, दीनदयाल, रमेश सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार स्टेशन रोड़ स्थित खांडल भवन में भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के अभिषेक के साथ हुआ। विग्रह को विधि-विधान से स्नान करवाकर नए अंग वस्त्र धारण करवाए गए। इसके पश्चात मांगीलाल काछवाल व शंकरलाल लाटा के सान्निध्य में विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर वैद्य भंवरलाल काछवाल, मधुसूदन माटोलिया, शंकर लाल राकेश रिणवा, विक्की काछवाल, मनोज, अशोक माटोलिया, मुरारी, भागीरथ जोशी, पीयूष झिकनाडियां, आदित्य नवहाल, चाँद रतन नवहाल, सुरेंद्र, श्री राम गोलवा, श्वेता शर्मा, दमयंती शर्मा, कमला देवी शर्मा, गायत्री शर्मा, मानस शर्मा, गीता देवी एवं सावित्री देवी आदि मौजूद रहे। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**सांगानेर।** सांगानेर के बाढ श्योपुर, वाटिका रोड सांगानेर के सामुदायिक भवन में रविवार को भगवान परशुराम की जयंती विशाल वाहन रैली व अतिथि भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से मनाई गया। भगवान परशुराम की जयंती का नेतृत्व परशुराम सेना व ब्राह्मण समाज ने किया। इस क्रम में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जबकि उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीत गौतम (प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सेना) रहै थे। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। भगवान परशुराम की पूजा करने की परंपरा है। यहां तक की लोग कई क्षेत्रों में इस दिन उपवास रखते हैं। परशुराम जन्मोत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत और पृथ्वी पर धर्म के प्रतिक रूप में मनाया जाता है। यहां तक की अन्याय के खिलाफ खड़े होने और धार्मिक मूल्यों का पालन करने की प्रेरणा मिलती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु दत्त शर्मा (पूर्व मुख्य न्यायाधीश)ने किया। मौके पर अतिथि जितेंद्र मिश्रा, धीरज मिश्रा (प्रदेश मीडिया प्रभारी), दिनेश सैहणा (प्रदेश प्रचार मंत्री), नागपाल शर्मा (मीडिया प्रभारी जयपुर)पवन कुमार शर्मा (प्रदेश संगठन मंत्री) सहित मौजूद रहे।

**रतनगढ़।** शहर के पंडितपुर स्थित श्रीगौड़ ब्राह्मण सेवा समिति के प्रांगण में रविवार को भगवान श्रीपरशुराम की पूजा-अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया। भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान श्रीपरशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर पंडित सुधाकर शास्त्री ने बटुकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायत ने डॉ परशुराम के समाज सुधार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अत्याचारी राजाओं का वध करके समाज में न्याय व सुरक्षा की स्थापना की थी। खांडल विप्र अध्यक्ष बद्रीप्रसाद बणसिया ने कहा कि दिव्य परशु महादेव शिव की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्होंने अजय परसा प्राप्त किया था। इस दौरान रमेशचंद्र इंदौरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष इंदौरिया, युवक संघ अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में समिति के मंत्री सुरेंद्र हारित, सुरेंद्र चौमाल, विष्णुदत्त धड़, विनोद चौमाल, रामावतार शर्मा, राहुल व्यास, राजेश जोशी, महेश बोहरा, रविप्रकाश बोगड़, निलेश इंदौरिया, डॉ ओमप्रकाश महर्षि, हरिप्रसाद बुटोलिया, राजेश कौशिक, अरुण पचलंगिया, सुरेंद्र बिंयाला, रामकिशन हरितवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## जब तक जिनवाणी श्रद्धापूर्वक नहीं सुनेंगे तब तक कल्याण नहीं हो सकता



जयपुर टाइम्स रक्तदान शिविर: 50 यूनिट रक्त संग्रह

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के दिगंबर जैन बड़े मंदिर में रविवार सुबह दिगंबर जैन मुनि प्रज्ञानसागर और प्रसिद्ध सागर महाराज का मंगल प्रवेश हुआ यह संघ बूंदी से पदविहार करता हुआ बिजौलियां पहुंचा। धर्म सभा को संबोधित करते हुए दिगंबर जैन मुनि प्रसिद्ध सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य बड़ा आदमी बन गया हैं परंतु बढ़िया आदमी नहीं बन पाया हैं, इस और बढ़ने की आवश्यकता हैं। दिगंबर जैन मुनि प्रज्ञान सागर महाराज ने कहा कि आज के युग में व्यक्ति सुनाने को तैयार है परंतु सुनने को तैयार नहीं हैं। जब तक जिनवाणी श्रद्धापूर्वक नहीं सुनेगा तब तक कल्याण नहीं हो सकता। मुनि संघ के सानिध्य में दोपहर 3 बजे कक्षा और शाम को 6:15 बजे आनंद यात्रा शंका समाधान का कार्यक्रम संपन्न हो रहा हैं। संघ के पैदल विहार में बूंदी के सकल दिगंबर जैन समाज के लोग साथ रहे।

## दुआओं और सम्मान के बीच हाजियों को विदाई, पालड़ी जोड़ में आस्था का उमड़ा सैलाब



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती पालड़ी जोड़ में रविवार को हज यात्रा पर रवाना हो रहे अमरूखाजी बालूदा एवं गणी खां के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह आस्था, भाईचारे और उत्साह का जीवंत उदाहरण बन गया। कांग्रेस नेता एवं जिला सचिव नासीर खान के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम में समाजजन बड़ी संख्या में जुटे और हाजियों को दुआओं के साथ भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में सुमेरपुर विधायक प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि हज यात्रा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि इंसान के भीतर सेवा, त्याग और एकता की भावना को सशक्त करने वाली पवित्र साधना है। उन्होंने हाजियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी यात्रा के सकुशल एवं मबरूर होने की कामना की। नासीर खान ने हाजियों का माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया और दुआओं के साथ विदाई दी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह 'हज मुबारक' के उदघोष से गूंज उठा और पूरा वातावरण श्रद्धा से सराबोर नजर आया। समारोह में फतेह खान, हनीफ खान, यूसुफ खान, जाना हाजी, गफूर खान झाड़ोली, बरकत खान, रुस्तम खान, शदिक खान जोगपुरा, शाबिर खान, शदिक खान रायपुरिया, मौलाना रमजान खान सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम ने एक बार फिर क्षेत्र में सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का सशक्त संदेश दिया, जहां हर चेहरे पर हाजियों के प्रति सम्मान और उनकी पवित्र यात्रा के लिए शुभकामनाएं स्पष्ट झलक रही थीं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में खानापूर्ति का आरोप: पुरानी पेंटिंग पर नया वर्ष लिखकर दिखाया काम पूरा




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** नगर पालिका राजाखेड़ा में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत कराए जा रहे कार्यों को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि अप्रैल के दूसरे-तीसरे सप्ताह में जारी पेंटिंग व रंगाई-पुताई के ठेके के तहत वास्तविक काम करने के बजाय पुरानी पेंटिंग्स पर ही 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' लिखकर कार्य पूर्ण दिखाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार और संबंधित कार्मिकों की मिलीभगत से यह कार्य महज औपचारिकता बनकर रह गया है। कई स्थानों पर नई पेंटिंग करने के बजाय पुरानी दीवारों पर सिर्फ वर्ष बदलकर लिख दिया गया, जिससे न तो शहर की वास्तविक सफाई व्यवस्था में सुधार हो रहा है और न ही सर्वेक्षण के उद्देश्य पूरे हो रहे हैं। मामले को लेकर लोगों में रोष है। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि क्या नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी और प्रशासक इस कथित गड़बड़ी की जांच कराएंगे और दोषियों पर कार्रवाई करेंगे या नहीं। स्थानीय नागरिकों ने पारदर्शिता के साथ कार्य कराने और स्वच्छ सर्वेक्षण को दिखावे के बजाय जमीनी स्तर पर लागू करने की मांग की है, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था में वास्तविक सुधार हो सके।

## परशुरामजी शस्त्र और शास्त्र के मर्मज्ञ, अन्याय और अनाचार का प्रतिरोध करने वाले ऋषि -राज्यपाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को बिड़ला सभागार में अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय पूजा आरती में भाग लिया। उन्होंने भगवान परशुराम की छवि पर पुष्प अर्पित कर उनकी विधिवत आरती की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और संपन्नता की कामना की। राज्यपाल ने जयंती समारोह में भगवान परशुराम के जीवन प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि वह शस्त्र और शास्त्र के ही मर्मज्ञ नहीं थे, अन्याय और अनाचार का प्रतिरोध करते जीवन में आदर्श की स्थापना के प्रेरक हैं। उन्हानें भगवान परशुरामजी के अवतरण दिवस की बधाई देते हुए कहा कि अक्षय तृतीया बौद्धिक क्षमताओं के विकास से जुड़ा पर्व है। वेद व्यासजी ने इसी दिन विघ्न विनाशक गणेश को महाभारत लिखने के लिए राजी किया था। राज्यपाल ने कहा कि परशुराम जी बुद्धि और ज्ञान का समन्वय रखने वाले ऋषि है। उनकी जयंती भगवान परशुराम जी को स्मरण करने का अवसर नहीं है, यह उनके आदर्शों–त्याग, तप, शौर्य, और धर्म रक्षा की प्रतिज्ञा को अपने जीवन में उतारने तथा अन्याय के विरुद्ध निर्भीकता से खड़े होने का संकल्प लेने का पर्व है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी ने जब पृथ्वी पर अधर्म को, अन्याय को और दुष्ट शक्तियों को बढ़ते देखा तो विनाश के लिए अवतार धारण किया था। उनके हाथ में धारण किया गया फरसा उनकी वीरता, पराक्रम और धर्म की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है।

# मारू कुम्हार समाज जालोर का तेरहवाँ सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न, बारह जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** श्रीयादे सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित मारू कुम्हार समाज का तेरहवाँ सामूहिक विवाह समारोह बारह जोड़ों के परिणय सूत्र में बंधने के साथ सम्पन्न हुआ। जालोर शहर के एक निजी रिसोर्ट में रविवार को प्रातः 7 बजे से ढोल व बैंड की धुनों के बिच बारातों के आने का सिलसिला प्रारम्भ हुआ। संस्थान के कार्यकर्ताओं की ओर से पुष्प वर्षा कर सभी बारातों का भव्य स्वागत किया गया। सभी बारातों का स्वागत करने के बाद पंच पटेलों की ओर से पड़जोन की रस्म निभाई गई। वहीं सभी दुल्हों ने अपने सगे संबंधियों के साथ तोरण बांध कर चवरी मंडप मे प्रवेश किया। आचार्य राकेश दवे के नेतृत्व में सभी पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फेरों की रस्म को अंजाम दिया। इस शुभ अवसर पर श्रीपति धाम के संस्थापक गोविन्दवल्लभ दास महाराज ने पधारकर वर-वधु को आशीर्वाद देकर उनके सुखी जीवन की कामना की। वहीं श्रीयादे सेवा संस्थान की ओर से लगातार तेहरवें साल सामूहिक विवाह आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं की सराहना की। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शरीक हुए। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने चंवरी मंडप में जाकर दूल्हे-दुल्हन को आशीर्वाद दिया। संस्थान के सदस्यों की ओर से उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाज बंधुओं को सम्बोधित करते हुए मंत्री कुमावत ने आयोजनों की महत्ती आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा व समर्पण भाव से ही तेरहवाँ सामूहिक विवाह का सफल आयोजन हो पाया है।

कार्यक्रम में पधारे आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने भी आयोजन की सफलता की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन से समाज में व्याप्त कुरीतियों पर अंकुश लगता हैं। समारोह में पंच पटेलों की ओर से पाट डोरिया व ढोल की रस्म के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस अवसर पर सभी भामाशाहों, सहयोगियों व समाज के सभी विशिष्ट जन का माला, साफा व स्मृतिचिह्न से अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के मंच संचालन में नरपत आर्य की मुख्य भूमिका रहीं। अंत में कन्यादान की सामग्री का वितरण कर बारातों को विदा किया गया। औरतों की ओर से विवाह के गीतों की धूम मची रही, वहीं ढोल की धाप पर बाराती खूब थिरके। इस अवसर पर अध्यक्ष नरपतलाल आर्य, सचिव किशोर देवड़ा, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाड़ा, चम्पालाल देवड़ा, फुलाराम सियोटा, श्याम देवड़ा, महेन्द्र मेवाडा, ललित देवड़ा, शंकरलाल देवड़ा, सुरेश पोणेचा, मोहनलाल सियोटा, ओमप्रकाश आर्य, मनोज देवड़ा, हितेश माल, शान्तिलाल सियोटा, उत्तमचंद देवड़ा, मदनलाल मेवाड़ा, महेन्द्र राठौड, डायाराम बडवाल, भगवानाराम बड़वाल, सुरेश बड़वाल, गोकुलराम देवड़ा, नरेन्द्र सियोटा, अमृतलाल चान्दोरा, मुकेश देवड़ा, पुखराज टांक, शान्तिलाल पोणेचा, विक्रम देवड़ा सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विशेष अभियान में बड़ी लापरवाही: वार्ड 16 का प्रगणक गायब, मतदाता रहे परेशान

### उप तहसीलदार के निरीक्षण में खुली पोल

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** मतदाता सूची विशेष अभियान दिवस पर तखतगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। वार्ड संख्या 16 में नियुक्त प्रगणक के अनुपस्थित रहने से मतदाताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ी और वे घंटों तक बूथ पर इंतजार करते रहे। मामले ने अभियान की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल (दाएं भाग) स्थित बूथ पर वार्ड 16 के प्रगणक चंद्रप्रकाश सोनी 19 अप्रेल तक अपने दायित्वों का निर्वहन करते नजर नहीं आए। विशेष अभियान के दिन भी वे अपने बूथ पर उपस्थित नहीं हुए, जबकि इस दिन नाम जोड़ने-हटाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाने थे। बूथ संख्या 16 के पर्यवेक्षक दलवीर सिंह ने इस लापरवाही को गंभीर बताते हुए उप तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल को लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि संबंधित प्रगणक लंबे समय से कार्य नहीं कर रहा है और विशेष अभियान के दिन भी अनुपस्थित रहा। मौके पर ही पर्यवेक्षक ने प्रगणक को फोन करने का प्रयास किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। उप तहसीलदार बबेरवाल ने निरीक्षण के दौरान स्थिति को गंभीरता से लिया और अन्य बूथों का भी जायजा लिया। महाविद्यालय, संघवी केसरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा पीएम श्री स्कूल के बूथों पर बीएलओ उपस्थित मिले और कार्य संतोषजनक पाया गया, लेकिन वार्ड 16 की लापरवाही ने पूरे अभियान की साख पर प्रश्नचिह्न लगा दिया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की उदासीनता से मतदाता सूची सुधार जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होते हैं और आमजन को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों ने जिम्मेदार कार्मिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो।

## चरखे से सूत कातकर गांधीवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा जालोर चरखा संघ

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** चरखे से सूत कातने की पारंपरिक कला को पुनर्जीवित कर आगे बढ़ाने और गांधीवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जालोर चरखा संघ की ओर से जालोर जिला मुख्यालय स्थित शाह पुंजाजी गेनाजी स्टेडियम में 2 नवम्बर से प्रत्येक रविवार को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक साप्ताहिक दो घंटे का 'चरखा अभ्यास' आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार 19 अप्रेल को जालोर चरखा संघ की ओर से पच्चीसवां चरखा अभ्यास सम्पन्न हुआ। प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले चरखा अभ्यास में लोगों की चरखे के प्रति जिज्ञासा और रुचि बढ़ रही है। चरखा अभ्यास में चरखे से सूत कातने और सूत की माला बनाना सिखाया जा रहा है। चरखा अभ्यास में भाग लेने लोगों को आधुनिक फैशन की प्रचलन में चल रहे खादी वस्त्रों को पहनने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। गांधीवादी विचारक और जालोर चरखा संघ के मुख्य प्रशिक्षक जितेन्द्र कसाना की ओर से चरखा अभ्यास में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अभ्यास के दौरान विशेष रूप से 'पेटी-चरखा' का उपयोग किया जा रहा है, जिसे 1940 के दशक में महात्मा गांधी ने यरवदा जेल में डिजाइन किया था। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को किसान-चरखा, गांधी-चरखा, ट्रावेल-चरखा, बुक-चरखा और अम्बर-चरखा जैसे विभिन्न प्रकारों से भी अवगत कराया जा रहा है यह पहल पटना के सदाकत आश्रम में साल 1925 में महात्मा गांधी की ओर से स्थापित 'अखिल भारत चरखा संघ' की गौरवशाली परंपरा से प्रेरित है।

### इनका कहना है...

जालोर चरखा संघ एक पूर्णतः गैर-राजनैतिक संगठन है। यह मंच उन सभी लोगों के लिए उपलब्ध है, जो गांधीवादी विचारधारा में विश्वास रखते हैं, चाहे वे किसी भी सरकारी, निजी, असंगठित क्षेत्र अथवा किसी भी राजनैतिक या सामाजिक संगठन से जुड़े हुये हों।

**विनय व्यास, संयोजक, जालोर चरखा संघ**

## रक्तदान शिविर: 50 यूनिट रक्त संग्रह

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अग्रवाल फाउंडेशन बाड़ी की ओर से सेठ किशोरी लाल सिंघल (सनोरा) की सातवीं पुण्यतिथि पर रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और करीब 50 से 55 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य से जुड़ने की अपील की। शिविर में बाड़ी के साथ बसेड़ी, सैंपऊ और धौलपुर से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रक्त संग्रहण धौलपुर के सरकारी ब्लड बैंक की टीम ने किया। शिविर संयोजक विष्णु सिंघल ने बताया कि पिता की स्मृति में यह दूसरा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार जताया। संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल ने बताया कि शिविर में 50 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित होना एक सराहनीय उपलब्धि है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर कोतवाल देवेंद्र शर्मा, अग्रवाल सभा बाड़ी अध्यक्ष दिनेश बागथरिया, उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश अग्रोहा, ऋषि मित्तल, अग्रसेन सहायता समिति अध्यक्ष विजय सिंघल, बॉबी परमार, अकील (धौलपुर), गोपाल दास गोयल, बृजमोहन गर्ग, रेनू सिंघल, आरती सिंघल, नंदिनी, मधु मंगल, कमलेश गर्ग, रोशनी शिवहरे, विष्णु महेरे, जितेंद्र शर्मा सहित अग्रवाल फाउंडेशन के सदस्य व अनेक नागरिक मौजूद रहे।

## राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक को सौंपा 7 सूत्रीय मांग पत्र

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान के नेतृत्व में निदेशक माध्यमिक शिक्षा सीताराम जाट से मुलाक़ात कर 7 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर छात्र एवं शिक्षकों की गर्मी की तथा एचएम पॉवर की छुट्टियों में कटौती किए जाने पर विरोध जताते हुए जल्द तृतीय श्रेणी शिक्षकों के ट्रांसफर शुरू करने एवं शिक्षकों को 6 सत्रों से अटकी डीपीसी किए जाने की मांग की है ।संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि संघ ने शिक्षा निदेशक से ग्रीष्मावकाश एवं संस्था प्रधानों के अधिकृत अवकाशों में की गई कटौती को वापस लेकर स्कूलों का संचालन 21 जून की जगह पूर्वत एक जुलाई से किए जाने, छात्रों को बेहतर शिक्षा मिले जल्द स्टाफिंग पैटर्न लागू कर स्कूलों में लंबे समय से खाली चल रहे शैक्षणिक कार्मिकों के सभी पदों को भरे जाने, शिक्षा विभाग में पारदर्शी तबादला नीति लागू कर राज्य में पिछले 8 सालों से बंद तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी संवर्ग के स्थानांतरण शुरू कराने,साल 2011के बाद नियुक्त प्रदेश के करीब 70 हजार शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता हेतु उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर कर राहत दिलाने, सेवारत शिक्षकों के पत्राचार से बीएड इंटर्नशिप अवधि में वेतन काटने केआदेश की पुनः परीक्षण कराते हुए ऑन ड्यूटी मानने, सभी संवर्गों की लंबित पदोन्नतियां शीघ्र पूर्ण करने तथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के पदोन्नति प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए उच्चतम न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने और राज्य में जर्जर स्कूल भवनों के निर्माण व मरम्मत के लिए जल्द पर्याप्त बजट आवंटन करने तथा एचएम पॉवर की पहले की भांति दो दिन की छुट्टी के अधिकार बहाल करने की मांग की गई है। संघ के जिला अध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर ने बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने साफ चेतावनी दी कि यदि मांगो पर विभाग ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो 17 मई को राजधानी में संघ की ओर से आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## लूट के मामले में 19 साल से फरार 3 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**जयपुर टाइम्स/बिजौलियां(निस)।** पुलिस थाना बिजौलिया की ओर से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के विशेष अभियान के तहत लूट के प्रकरण में 19 साल से फरार 3 स्थाई वारंटीयो को जिला धार मध्यप्रदेश के जंगलो से व एक बैंक खाते खरीदने वाले दलाल आरोपी को आरोली से गिरफ्तार किया। थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि लूट के प्रकरण में करीब 19 साल से तीनों आरोपी फरार चले रहे थे जगह बदल-बदल कर जंगलो में फरारी काट रहे थे। उक्त वारंटीयो को पुलिस टीम की ओर से टांडा जिला धार के जंगलो में डेरा डाल कर जंगलो में रहकर जानकारी जुटाते हुए स्थाई वारंटी मच्छर सिंह उर्फ कमरू, रमेश उर्फ मेसिया, नसरू मामा भील को टांडा के जंगलो से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। वहीं साइबर धोखाधड़ी से सम्बन्धित प्रकरण में बैंक खाता धारको से बैंक खाते खरीदकर साईबर ठग को उपलब्ध कराने वाला दलाल भैरू सोनी निवासी आरोली का झोपडा थाना बिजौलियां को गिरफ्तार किया।

# इलेक्ट्रोपेथी बोर्ड परिसर में पौधरोपण, सड़क नवीनीकरण

### विधायक सर्राफ बोले– हर्बल चिकित्सा से मिलेगी नई दिशा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** नेचर वेलफेयर काउंसिल और वाईटलकेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गांधी नगर स्थित राजस्थान इलेक्ट्रोपेथी चिकित्सा पद्धति बोर्ड के प्रशासनिक परिसर में पूजा-अर्चना के साथ कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया गया तथा विधायक कोष से सड़क नवीनीकरण कार्य भी कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री राम शरणम् भक्त समूह द्वारा अमृत वाणी के पाठ से हुई, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो गया। मुख्य अतिथि मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ, अध्यक्षता बोर्ड के रजिस्ट्रार डॉ. आनन्द शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोर्ड सदस्य हेमंत सेठिया मौजूद रहे। नेचर वेलफेयर काउंसिल के चेयरमैन सर्वेश्वर शर्मा ने प्रस्तावना भाषण में कहा कि संस्था देशभर में पौधरोपण, संरक्षण और पालन के साथ पंचतत्वों की रक्षा का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन को संतुलित करने के लिए ग्रामीण वन योजना के तहत गांव-ढाणियों तक हरियाली बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बोर्ड सदस्य हेमंत सेठिया ने कहा कि इलेक्ट्रोपेथी एक्ट लागू कराने में विधायक सर्राफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि विधायक कोष से सड़क नवीनीकरण कराए जाने के साथ ही संस्थाओं की ओर से किए गए पौधरोपण से परिसर हराभरा हो गया है। यहां शीघ्र ही हर्बल चिकित्सा पर आधारित चिकित्सालय भी संचालित किया जाएगा।

रजिस्ट्रार डॉ. आनन्द शर्मा ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि बोर्ड को उपयुक्त प्रशासनिक परिसर उपलब्ध कराया गया है, जिससे चिकित्सा व प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगे। मुख्य अतिथि कालीचरण सर्राफ ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ने इलेक्ट्रोपेथी चिकित्सा को प्रदेशभर में उपलब्ध कराया है। यह पूर्णतः हर्बल पद्धति है और इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं। उन्होंने बताया कि देश में आजादी के समय 26' हरियाली थी, जो शहरीकरण के कारण घटकर करीब डेढ़ प्रतिशत रह गई है। केंद्र सरकार की ओर से 2030 तक 500 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, वहीं राजस्थान में 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत अब तक 20 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। कार्यक्रम के अंत में वाईटलकेयर फाउंडेशन के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन इलेक्ट्रोपेथी चिकित्सक रूपकिशोर सैनी ने किया।

इस मौके पर कमल मिश्रा, वैद्य श्रीराम तिवारी, पार्षद लक्ष्मण नूनवाल, अशोक डीडवानिया, शरद खंडेलवाल, महान शर्मा, अशोक मित्तल सहित कॉलोनी के अनेक नागरिक व सैकड़ों इलेक्ट्रोपेथी चिकित्सक उपस्थित रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
20 अप्रेल, 2026

## गीता क्लासेज में बच्चों को किया सम्मानित, सामूहिक नृत्य रहा आकर्षण का केन्द्र



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज में रविवार को बच्चों को प्रोत्साहित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संजय सिंघानिया व स्टाफ सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों ने महापुरुषों के जयकारों से वातावरण को धार्मिक मय बना दिया। इस अवसर पर निरंजन देव आचार्य ने बच्चों को पंचामृत वितरण के साथ पाँच श्लोक, आवश्यक नियम तथा गीता के 12वें अध्याय का पाठ करवाया। वहीं पूनम शर्मा, दिव्या शर्मा, दिव्या भाटी और खुशी सैनी ने बच्चों की दैनिक डायरी की जांच की। कार्यक्रम के दौरान हर्षित सोनी ने बच्चों को गजल, गीत व कीर्तन के माध्यम से प्रेरित किया। सभी कार्यकर्ताओं और बच्चों ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का वाचन किया। अंत में राधा रानी मेरी है, भजन पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जनार्दन आचार्य, रामप्रकाश क्याल, श्वेता सोनी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में धार्मिक, सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों का विकास करना है।

## हाईवे पर ट्रोले की टक्कर से ऊंट गाड़ा पलटा: चालक व ऊंट घायल



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** नेशनल हाईवे-11 पर रविवार को पशु चारे से भरे ऊंट गाड़े को ट्रोले ने टक्कर मार दी, जिससे चालक और ऊंट घायल हो गए। घायल चालक को फतेहपुर के राजकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार बीमरसर निवासी सुभाष मीणा गांव के ही सूरजमाल सिंह के खेत से ऊंट गाड़े में पशु चारा भरकर अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान फतेहपुर से रतनगढ़ की ओर आ रहे एक ट्रोले ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऊंट गाड़ा असंतुलित होकर पलट गया और चारा सड़क पर बिखर गया। हादसे में सुभाष मीणा व ऊंट घायल हो गए। सूचना मिलने पर टोल प्लाजा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। बाद में ट्रैक्टर-ट्रॉली मंगवाकर बिखरे हुए पशु चारे को एकत्रित किया गया। घायल चालक का फतेहपुर में इलाज जारी है।

## दिशा भागवानी व नेहा बिनवानी का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री झूलेलाल मंदिर में कौशल्या देवी के सानिध्य में चंद्र उत्सव के अवसर पर समाज की दो प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता रावतनी ने बताया सिंधी महिला मंडल व सिंधी नवयुवक मंडल की ओर से दिशा भागवानी का टैक्स असिस्टेंट इन इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर व नेहा बिनवानी द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा 10 वीं में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुजानगढ़ मैरिट में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर दुपट्टा पहनाकर व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। सिंधी नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेश जगवानी ने अपने वक्तव्य में कहा दोनों बालिकाओं ने परिवार व समाज के साथ सुजानगढ का नाम भी रोशन किया है। इस अवसर पर खुशीराम चांदरा, परमानन्द, नीलम, नीरज, ममता बिनवानी, नरेश, सुनीता, शोभा भागवानी, सुनीता मूलचंदानी, चित्रा, नेहा, उर्वशी, साधना, कमलेश जगवानी, सपना तोलानी, मीना थदानी, मधु रावतानी, ज्योति बिनवानी, लता कटारिया, सरला, गुड्डी, सोनी, मनीषा फुलवानी, कमला गोलानी आदि उपस्थित रहे। दिशा भागवानी के माता-पिता सुनीता व नंदकिशोर भागवानी ने खुशी जाहिर करते हुए सिंधी समाज का आभार व्यक्त किया।

## कोटा के खेतों में फिर लगी आग: धुलेट-झालीपुरा में हवा के साथ तेजी से फैली

जयपुर टाइम्स

**कोटा(निसं)** कोटा जिले के ग्रामीण इलाकों में फसल अवशेषों (नोलाइयों) में आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। रविवार को धुलेट गांव में अचानक खेतों की नोलाइयों में आग भड़क उठी। हवा के साथ आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के खेतों को भी खतरा पैदा हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इसी तरह झालीपुरा गांव में भी नोलाइयों में आग लगने की घटना हुई। यहां भी हवा के कारण आग तेजी से फैली, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता और दमकल की मदद से समय रहते आग को काबू में कर लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ-साथ खेतों में सूखी घास और फसल अवशेषों में आग लगने की घटनाएं आम हो जाती हैं।

# राहुल गांधी का पुतला फूंककर किया विरोध प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** महिला आरक्षण बिल को पास नहीं होने देने से नाराज भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का घंटाघर चौक पर पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने कहा कि कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा पूरे देश में उजागर हो गया है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी मुर्दाबाद, महिला शक्ति के सम्मान में भाजपा मैदान में आदि नारे लगाए। विधानसभा प्रत्याशी संतोष मेघवाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को शक्ति मानकर उनके सशक्तिकरण का सपना देख रहे हैं, वहीं विपक्ष की संकीर्ण सोच ने उनकी प्रगति की राह में दीवार खड़ी कर दी। महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच ने कहा कि इतिहास गवाह है कि एक द्रौपदी का अपमान और अधिकार छीनने वालों का पूरा वंश समाप्त हुआ था, आज करोड़ों महिलाओं का अपमान और अधिकार छीनकर हंसने वाले हर दुःशासन का समूल विनाश तय है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, विस्तारक महावीर सेन, मंडल महामंत्री गौरव इंदौरिया, प्रकाश भार्गव, पूर्व मंडल अध्यक्ष वैद्य भंवरलाल काछवाल, पार्षद तनसुख प्रजापत, पंकज घासोलिया, दीनदयाल पारीक, रेंवतमल पंवार, शर्मिला सोनी, पुरुषोत्तम शर्मा, रिछपाल बिजारणिया, खुशीराम चांदरा, विजय चौहान, शोभांग कंवर, यशोदा माटोलिया, गायत्री प्रजापत, कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, उपाध्यक्ष अमरचंद सेन, सुमन सामरिया, मंत्री यशोदा प्रजापत, देवेंद्र भाटी, प्रियांशु लड़ा, मुरारी खंडेलवाल, संतोष बेडिया, महेश जोशी, रूपाराम गुलेरिया, प्रेम स्वामी, कमल दाधीच, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, नरेंद्र गुर्जर, रेखा सोनी, भंवरलाल बिजारणियां, गंगाधर लाखन, नरेंद्र भाटी, कैलाश अग्रवाल, श्रवण सिंह राठौड़, जगदीश नाथ, विकास सोनी, ओमप्रकाश बोहरा, कृष्णकांत प्रजापत, राजकुमार पारीक, सुरेश शर्मा, रमेश मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शेखाजी की 538वीं पुण्यतिथि पर किए श्रद्धा-सुमन अर्पित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित शेखावत कॉलोनी के श्री करणी माता मंदिर सभागार में महाराव शेखाजी संस्थान चूरू की ओर से शेखावाटी के संस्थापक युगपुरूष महाराव शेखाजी की 538वीं पुण्यतिथि रविवार को संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह शेखावत की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख व सभापति विजय कुमार शर्मा थे। इस अवसर पर शर्मा ने क्षत्रियों के इतिहास का वर्णन करते हुए कहा कि उन्होंने उच्च संस्कारों को ग्रहण करने की सलाह दी। उन्हांने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ ही सभी समाज को एक साथ लेकर एकजुटता से प्रयास करने चाहिए, जिससे हम आगे बढ़कर देश सेवा कर सके। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने महाराव शेखाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अमरसिंह शेखावत ने कहा कि महाराव शेखाजी के जीवन मूल्यों को वर्तमान में अपने जीवन में ढ़ालने तथा बच्चों में संस्कृति और संस्कारों का विकास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शेखाजी नारी रक्षक व गौरक्षक स्वाभिमानी हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक सरल व्यक्तित्व के धनी थे। विशिष्ट अतिथि समाज सेवी भागीरथ सिंह गांगियासर ने कहा कि भगवान श्रीराम के वंशज महाराव शेखाजी के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को संगठित होकर सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। इस अवसर पर जयसिंह शेखावत, लक्ष्मणसिंह राठौड़, सुरेश सारस्वत, रतनसिंह ख्याली ने महाराव शेखाजी को नमन किया। कमल सिंह राठौड़ ने महाराव शेखाजी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हरिसिंह, एडवोकेट उम्मेद सिंह चौहान, एडवोकेट धन्नेसिंह शेखावत, नरेन्द्र सिंह इन्द्रपुरा, कुशल सिंह, वैद्य विजेन्द्र सिंह थैलासर, भरत सिंह, इन्द्र सिंह, शंकर सिंह, गुलाब सिंह, उत्तम सिंह, सम्पत सिंह, मदन लाल शर्मा, करणी माता युवा समिति के सुबेदार गुमान सिंह, बलवीर सिंह, धर्मेन्द्र, अवतार सिंह राठौड़, रघुवीर सिंह, रतनसिंह करणपुरा, हनुमान सिंह, रामसिंह आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के पूर्व सचिव व शेखावत कॉलोनी के संस्थापक ज्ञानसिंह ख्याली के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कप्तान मदन सिंह शेखावत ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट हेमसिंह शेखावत ने किया।

## न्यूरो केयर हॉस्पिटल ने मनाई 13वीं वर्षगांठ





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विद्याधर नगर स्थित न्यूरो केयर हॉस्पिटल ने अपनी 13वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के योगदान को सराहते हुए सभी स्टाफ सदस्यों को 3000 रुपये का बोनस प्रदान किया।

अस्पताल के मैनेजिंग डॉक्टर एन. सी. पुनिया ने इस मौके पर स्टाफ के समर्पण और सेवा भावना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सफलता में प्रत्येक कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी क्रम में उन्होंने एक नई पहल की घोषणा की, जिसके तहत यदि कोई मरीज किसी स्टाफ सदस्य की सेवा से संतुष्ट होकर उसके बारे में सकारात्मक प्रतिक्रिया देता है, तो संबंधित कर्मचारी को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य सेवा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाना है। डॉ. पुनिया ने बताया कि अस्पताल द्वारा संचालित 'हार्दिका रिहेब सेंटर' में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भोजन, आवास और आधुनिक अंतरराष्ट्रीय मशीनों की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उन मरीजों के लिए लाभकारी है, जो लंबे समय तक उपचार के लिए भर्ती रहते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

इसके साथ ही उन्होंने भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले एक वर्ष में अस्पताल में न्यूरो एंडोस्कोपी, न्यूरो इंटरवेंशन और मूवमेंट डिसऑर्डर जैसी उन्नत चिकित्सा सेवाएं शुरू की जाएंगी। इन सुविधाओं के शुरू होने से क्षेत्र के मरीजों को अत्याधुनिक इलाज के लिए अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

## कुएं से निकलते समय टूटी रस्सी, गिरकर किसान की मौत

### 7 माह की बेटी के सिर से उठा पिता का साया



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में शनिवार शाम एक हृदय विदारक हादसे में किसान की कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद रविवार को जैसे ही शव घर पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस के अनुसार वार्ड 23 मोटर मार्केट निवासी मनोहरलाल पुत्र पूर्णाराम माली ने रिपोर्ट दी कि उनका 30 वर्षीय पुत्र गिरधारीलाल चूरू रोड स्थित गंगाधर माली के खेत में कृषि कार्य करता था। शनिवार शाम करीब 5 बजे गिरधारीलाल खेत में बने कुएं में मोटर ठीक करने के लिए उतरा था। कार्य पूरा करने के बाद वह रस्सी (लाव) के सहारे बाहर आ रहा था, तभी अचानक रस्सी टूट गई और वह सीधे कुएं में जा गिरा। कुएं में गिरने से गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर सरदारशहर के राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पिता ने रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की आशंका से इनकार किया है। बताया जा रहा है कि गिरधारीलाल चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसने करीब दो वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था और उसके एक सात माह की मासूम बेटी है। पिता की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## बांसवाड़ा के डॉक्टर की हत्या, कुएं में मिला शव

जयपुर टाइम्स

**बांसवाड़ा(निसं)** बांसवाड़ा से प्रतापगढ़ में दोस्त की शादी में शामिल होने गए डॉक्टर की हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया। बॉडी अर्धनग्न हालत में मिली है, वहीं चोटों के निशान भी हैं। डॉक्टर का पेंट और मोबाइल गायब है। वहीं कुएं के बाहर मिले शर्ट पर खून के धब्बे मिले हैं। डॉक्टर चार दिन से लापता थे। 19 अप्रैल की सुबह करीब 8 बजे प्रतापगढ़ के पीपलखूंट इलाके के बोरी गांव में शव मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। चाचा बलवंत ने बताया- मोहित मछार (28) पुत्र कानसिंह मछार निवासी मछारासाथ छोटा डूंगरा (बांसवाड़ा) 14 अप्रैल की शाम को बड़ोदिया (कलिंजरा थाना, बांसवाड़ा) स्थित अपनी बहन के घर आया था। 15 अप्रैल की सुबह वे अपने एक एमबीबीएस साथी की शादी में शामिल होने के लिए बोरी (प्रतापगढ़) निकला था।

## शिविर में 174 लोगों की नेत्र जांच



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा रविवार को प्रतापसिंह सिंघी की स्मृति मे भामाशाह कमलादेवी सिंघी के सौजन्य से आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर में भीषण गर्मी के बावजूद नेत्र रोगियों का सैलाब उमड़ा। शिविर प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि इस शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा 174 नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर 82 मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया गया, चयनित रोगियों के निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से निःशुल्क किए जाएंगे। शिविर में रोगियों की निःशुल्क जांच की गई व दवा दी गई। शिविर के उद्घाटन अवसर पर सहायक अभियंता राजेंद्र प्रजापत, एडवोकेट निरंजन सोनी, विजय कुमार गोयल, हेमराज नाहटा, डॉ एस एन जांगिड़, विनय माटोलिया, सुशीला देवी क्याल, साहित्यकार वीरेंद्र भाटी मंगल, केमिस्ट एसोसिएशन सचिव सुमनेश शर्मा, दानमल शर्मा ने मां सरस्वती व प्रतापसिंह सिंघी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ़ में आयोजित हुए शिविर में शहरी क्षेत्र के 91, ग्रामीण क्षेत्र के 83 रोगी लाभान्वित हुए। शिविर को सफल बनाने में क्लब प्रतिनिधि मुन्नालाल प्रजापत, बिमल भूतोडिया, ललित सोनी, गिरधर शर्मा, हाजी मोहम्मद, जन्नत बेगम, मूलचंद तिवाड़ी, प्रतीक चोटिया, अंकित चोटिया, कुणाल सोनी, योगेंद्र भोजक, अहमद लतीफ, मालचंद प्रजापत, गोपाल सोनी का सहयोग रहा।

# लक्ष्मणगढ़ में एसबीआई शाखा स्थानांतरण पर आम जन में नाराजगी

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की मुख्य शाखा को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की खबर ने इन दिनों जोर पकड़ लिया है। नेहरू स्टेडियम के पास नए भवन में शाखा शिफ्ट किए जाने की चर्चाओं के बीच आमजन में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यह फैसला सीधे-सीधे शहरवासियों की सुविधा के विपरीत है।लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में एसबीआई की शाखा लंबे समय से लोगों की पहली पसंद रही है। विश्वसनीयता और सुविधाओं के चलते अधिकांश लोगों के खाते इसी बैंक में हैं। वर्तमान में शाखा शहर के सुगम स्थान पर स्थित होने से आमजन, बुजुर्गों और व्यापारियों को आसानी रहती थी, लेकिन प्रस्तावित स्थान शहर से दूरी पर होने के कारण अब लोगों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।सबसे अधिक चिंता बुजुर्ग पेंशनधारकों को लेकर जताई जा रही है। क्षेत्र के सैकड़ों वृद्धजन अपनी आजीविका के लिए पेंशन पर निर्भर हैं और नियमित रूप से बैंक पहुंचना उनकी मजबूरी है। ऐसे में भीषण गर्मी में 1 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी तय करना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। कई बुजुर्ग ऐसे भी हैं जिनके पास न तो वाहन है और न ही कोई सहारा, ऐसे में यह स्थानांतरण उनके लिए परेशानी का कारण बन सकता है।इधर, स्थानीय व्यापार संघ की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। कुछ दिन पूर्व उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद अब तक कोई ठोस कदम या विरोध व्यापार संघ की ओर से सामने नहीं आया है। शहर में चर्चा है कि क्या ज्ञापन देना केवल औपचारिकता और फोटो खिंचवाने तक ही सीमित था?आमजन का कहना है कि प्रशासन को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। बैंक जैसी आवश्यक सेवा को ऐसे स्थान पर संचालित किया जाना चाहिए जहां हर वर्ग विशेषकर बुजुर्ग और जरूरतमंद आसानी से पहुंच सकें। अन्यथा यह निर्णय जनसुविधा के बजाय जनपीड़ा का कारण बन सकता है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।